अमृत विचार

मुरादाबाद , सोमवार,27 अप्रैल 2026



**न्यूज ब्रीफ**

## आज से बदले समय से खुलेंगे 12 तक के स्कूल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अत्यधिक गर्मी और हीटवेव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए डीएम अनुज सिंह ने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। जिले में कक्षा एक से 12वीं तक के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, संस्कृत बोर्ड, मदरसा बोर्ड आदि से संबद्ध सभी स्कूल सोमवार से अग्रिम आदेशों तक सुबह 7 :30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक संचालित होंगे। उन्होंने ने आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## ऑनलाइन बुकिंग करा प्राप्त करें बीज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीज प्राप्त करने के लिए किसानों को ऑनलाइन बुकिंग करना जरूरी है। ऐसा न करने पर किसान योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं। किसान विभागीय पोर्टल दर्शन https://agriculture.up.gov.in/ पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है। जिला कृषि अधिकारी राजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से खरीफ सत्र 2026-27 में अनुदान पर वितरित किए जाने वाले सभी बीजों का वितरण अब ऑनलाइन बुकिंग के बाद ई-लॉटरी से किया जाएगा। राजकीय कृषि बीज भंडारों से सामान्य और मिनीकिट बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

# यूपी पुलिस का हिस्सा बने 4941 प्रशिक्षु आरक्षी

## प्रशिक्षु आरक्षियों के जीवन के नए और जिम्मेदारी भरे अध्याय की हो रही शुरुआत: डीजी ट्रेनिंग राजीव सभरवाल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में नवप्रशिक्षित आरक्षियों के प्रशिक्षण पूरा होने के बाद रविवार को पासिंग आउट परेड समारोह आयोजित किया गया। जिसके बाद प्रशिक्षित 4941 रिक्रूट आरक्षी औपचारिक रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बन गए।

रिजर्व पुलिस लाइन में हुई पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण लखनऊ राजीव सभरवाल रहे। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंतिल भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर मार्च-पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) लखनऊ ने कहा कि आज से प्रशिक्षु आरक्षियों के जीवन के एक नए और जिम्मेदारी भरे अध्याय की शुरुआत हो रही है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक ने लाइव प्रसारण के दौरान शुभकामनाएं दी।

मार्च-पास्ट परेड के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने उत्कृष्ट अनुशासन, शानदार समन्वय और सधी हुई ड्रिल का प्रदर्शन किया। दीक्षांत



पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड की सलामी लेते डीजी ट्रेनिंग राजीव सभरवाल।



पुलिस लाइन में आयोजित पासिंग आउट परेड में सलामी मंच से गुजरते आरक्षी। ● अमृत विचार

● **रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में पासिंग आउट परेड के बाद**

परेड का नेतृत्व परेड प्रथम कमांडर राहुल शर्मा द्वारा सहयोगी द्वितीय कमांडर शुभम मान व तृतीय कमांडर तनेश कुमार के साथ किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शपथ एवं सम्मान परेड के बाद सभी आरक्षियों को संविधान के प्रति निष्ठा, कानून के पालन, जनसेवा और राष्ट्र की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, प्रशिक्षण संस्थान के आउटडोर/इनडोर के प्रशिक्षक, नव आरक्षियों के परिवार के लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के लिए प्रेरित किया।

इसी क्रम में पुलिस लाइन के अलावा पीटीएस, पीटीसी और 23वीं वाहिनी पीएसी, 24वीं वाहिनी पीएसी में भी पासिंग आउट परेड हुई। जिसमें रिक्रूट प्रशिक्षु आरक्षियों के पासिंग आउट परेड की सलामी अतिथियों ने ली। 23वीं पीएसी में 442, 24वीं पीएसी में 339, नौवीं पीएसी में 277 महिला रिक्रूट आरक्षी पासिंग आउट परेड में शामिल हुईं। प्रशिक्षु आरक्षियों को जीवन में अनुशासन व निष्ठा के साथ अपना कर्तव्य निभाने का संकल्प दिलाया।

### गौरव बने सर्वांग सर्वोत्तम रिक्रूट आरक्षी

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षण के दौरान इनडोर (लिखित परीक्षा) में रिक्रूट आरक्षी अनुज और आउटडोर (फील्ड/ड्रिल) में रिक्रूट आरक्षी दिगविजय चौधरी सभी गतिविधियों में सर्वांग सर्वोत्तम रिक्रूट आरक्षी गौरव कुमार को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करना रहा।



पुलिस लाइन में सर्वांग सर्वोत्तम गौरव को सम्मानित करते डीजी ट्रेनिंग राजीव सभरवाल।

## खेत मे आग लगने से 10 बीघा गेहूं जलकर राख

**कांठ, अमृत विचार:** छजलैट थाना क्षेत्र में किसान के गेहूं के खेत में आग लगने से लगभग दस बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से फसल में लगी आग पर काबू पाया। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी महिपाल सिंह पुत्र तनसुख का गांव के पास ही खेत है। कई दिन से उनके गेहूं की कटाई मजदूर कर रहे हैं। रविवार को लगभग 3:00 के करीब अचानक कटे हुए गेहूं के खेत में आग लग गई और गेहूं की कटी पड़ी फसल लगभग 10 बीघा गेहूं जल गए।

मजदूर और अन्य लोगों ने जब गेहूं की फसल में आग की लपटें उठती देखीं तो खेत मालिक को बताया। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल जल चुकी थी।

ग्रामीणों ने मुश्किल से आग बुझाई। इसके बाद तहसील प्रशासन को सूचना दी और देवीय आपदा के तहत आग लगने से हुई फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग किशन, महिपाल सिंह ने तहसील प्रशासन से की है।

# हस्तशिल्प निर्यात को दिशा देगा नया बैच

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** निर्यात संवर्धन परिषद हस्तशिल्प (ईपीसीएच) द्वारा रविवार को ईपीसीएच परिसर में सेंटर फॉर हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट मैनेजमेंट स्टडीज (सीएचईएमएस) के 28वें बैच का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हस्तशिल्प निर्यात क्षेत्र के लिए कुशल एवं प्रशिक्षित पेशेवरों का विकास करना है, ताकि वे वैश्विक बाजार की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

उद्घाटन समारोह में ईपीसीएच के उप निदेशक सुशील कुमार अग्रवाल एवं प्रोग्राम ऑफिसर राहुल रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि निर्यात क्षेत्र में सफलता के लिए संरचित प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। बताया कि सीएचईएमएस से प्रतिभागियों को उद्योग से संबंधित तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे भविष्य के सफल निर्यातक और पेशेवर बन सकें। ईपीसीएच के अध्यक्ष नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि हस्तशिल्प क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और देश के हस्तशिल्प उद्योग के विकास में सक्रिय योगदान दें।

कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी वैश्विक बाजार में सीएचईएमएस कार्यक्रम शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करता है तथा प्रतिभागियों को व्यावहारिक परिस्थितियों के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम की शुरुआत ओरिएंटेशन सत्र के साथ हुई।



ईपीसीएच परिसर में सेंटर फॉर हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट मैनेजमेंट स्टडीज के 28वें बैच के उद्घाटन पर विचार रखते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **ईपीसीएच परिसर में सीएचईएमएस की शुरुआत, मिलेगा उद्योग से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण**

# कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण चिह्नांकन शिविर कल से

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/उपकरण जैसे हाथ पैर/कैलीपर्स, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एमआर किट, लेप्रोसी किट, स्मार्ट फोन, टेबलेट आदि दिलाने के लिए उन्हें चिह्नित करने के लिए शिविर 28 अप्रैल से लगाए जाएंगे।

सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि 28 व 29 अप्रैल को डिलारी में, 30 अप्रैल व दो मई को ठाकुरद्वारा में, 4-5 मई को कुन्दरकी में, 6- 7 मई को बिलारी, 8 व 11 मई को मूंढापाण्डे में, 12- 13 मई को भगतपुर टांडा, 14 व 15 मई को विकास खण्ड सभागार छजलैट में और 16 व 18 मई को विकास खण्ड सभागार मुरादाबाद में शिविर लगेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आय प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा निर्गत निर्धारित गरीबी रेखा की सीमा का आय प्रमाण पत्र अथवा सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी या ग्राम प्रधान द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। जाति प्रमाण पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी 40 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांग प्रमाण पत्र, चिकित्साधिकारी का उपकरण के लिए संस्तुति प्रमाण पत्र और दिव्यांगतायुक्त रंगीन फोटो देना होगा। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट divyangjanup.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

# होमगार्ड की परीक्षा देकर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर बिजनौर से लौट रहे 28 वर्षीय युवक की शनिवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना मिलक क्षेत्र के गांव वरा गजेजा निवासी अनिष पाण्डेय पुत्र मदन किशोर पांडे के रूप में हुई है।



मृतक अनिष पाण्डेय।

मृतक अनिष पांडे शनिवार को बिजनौर जिले के एक विद्यालय में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने गया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह रात में रोडवेज बस से अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे जब बस मिलक बाईपास पर पहुंची तो यात्रियों ने बस को नगर के अंदर तक ले चलने का अनुरोध किया। परिजनों का आरोप है कि रोडवेज कर्मचारियों ने बस नगर में ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अनिष पांडे ने क्योरार बाईपास पर उतरने के लिए कहा। रोडवेज से उतरते समय अनिष पांडे रोडवेज की चपेट में आने से सिर में गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर ले गए, जहां डॉक्टरों ने भी मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ देर बाद पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामाभर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

● **शनिवार रात मिलक बाईपास पर बस से उतरते वक्त हुआ हादसा**

### बस अंदर ले जाती तो बच जाती युवक की जान

मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि रोडवेज बस नगर के अंदर तक जाती तो यह हादसा नहीं होता। रात में बाईपास पर सवारी उतारना गलत है। कई बार मिलक के लोग बस को अंदर लाने की मांग कर चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि अभी मृतक के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है तहरी प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल में पीएम करवाई की जा रही है।

# सौंधन किले से अतिक्रमण हटाने को गरजा बुलडोजर, चार मकान ध्वस्त, 35 जद में

**कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन**

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक महत्व के सौंधन किले को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। रविवार को डीएम राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर बुलडोजर कार्रवाई कर किले परिसर में अवैध रूप से बनाए गए चार मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जबकि कई अन्य मकान मालिकों ने खुद ही अपने निर्माण हटाने शुरू कर दिए। कुल 35 मकान कार्रवाई की जद में हैं। किले का कुल क्षेत्रफल लगभग 3600 वर्ग मीटर है।

रविवार सुबह हल्का लेखपाल नीरज कुमार और कानूनगो राजस्व टीम के साथ सौंधन किला परिसर पहुंचे। टीम ने किले के अंदर अवैध रूप से मकान बनाकर रहे लोगों को मकान खाली करने के निर्देश दिए। कुछ ही देर में बुलडोजर भी पहुंच गया। बुलडोजर को देख कई लोग सामान निकालने लगे और कुछ ने स्वयं ही निर्माण तोड़ना शुरू कर दिया। वहीं चार मकानों को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ मकान स्वामियों ने विरोध जताया। उनका कहना था कि यदि उन्हें पहले से कार्रवाई के बारे में सूचना दी जाती तो वे खुद ही अतिक्रमण हटा लेते। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कई बार मौखिक और लिखित रूप से चेतावनी दी जा चुकी थी। सूचना मिलने पर सौंधन चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि किले के भीतर लगभग 35 मकान बने हुए हैं, जो अतिक्रमण की जद में हैं। इन सभी को चिन्हित कर लिया गया है और चरणबद्ध तरीके से हटाने की योजना तैयार की गई है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्थिति में किले परिसर में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को डीएम और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने किले का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उसी क्रम में रविवार को अभियान की शुरुआत की गई।



अवैध रूप से बनाए गए मकान को ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार



परिसर में बने मकान तोड़ते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **डीएम के निर्देश पर शुरु की गई कार्रवाई**

### किले में कब क्या हुआ

5 जनवरी 2025 को डीएम राजेंद्र पैंसिया ने सौंधन किले का पहली बार निरीक्षण किया। उस समय किला जर्जर अवस्था में मिला, जिसके बाद संरक्षण और मरम्मत के निर्देश दिए गए। जून 2025 में एएसआई द्वारा सौंधन किले के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराया गया। कार्य के लिए राजस्थान और झांसी से कारीगर बुलाए गए, जिन्होंने किले की संरचना को नया रूप दिया।. 16 फरवरी 2026 में किले का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया। इस पर करीब 29 लाख रुपये की लागत आई।

### प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी

सौंधन किले का सौंदर्यीकरण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका है। प्रशासन अब इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर भव्य स्वरूप देना चाहता है। योजना के तहत किले को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी है, जिससे न केवल क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान मजबूत होगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। प्रशासन का मानना है कि अतिक्रमण हटने के बाद किले की वास्तविक भव्यता सामने आएगी और यहां पर्यटकों का आकर्षण भी बढ़ेगा।

# टीएमयू फार्मेसी के मेडएथलॉन में बीफार्मा प्रथम वर्ष का दबदबा



स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी की स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मेडएथलॉन में बीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों का जलवा रहा। बीफार्म प्रथम वर्ष की टीम ने टग ऑफ वार और वॉलीबॉल के फाइनल जीते। जबकि बास्केटबाल फाइनल, बैटमिंटन सिंगल्स फाइनल, क्रिकेट और बॉक्स क्रिकेट सेमीफाइनल में भी बीफार्म प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मेडएथलॉन के तहत कैरम, चेस आदि खेलों की प्रतियोगिताएं भी हुईं। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का मुकाबला बी.फार्म और एम.फार्म टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। बी फार्मा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। क्रिकेट के सभी मैंचों में बीफार्म फर्स्ट ईयर के आरजू चंद्रवंशी ने सर्वाधिक 156 रन बनाए, जबकि फैकल्टी टीम की ओर से कप्तान अभिषेक आनन्द ने सर्वाधिक 136 रनों के चार विकेट भी चटकाए। मेडएथलॉन के तहत बॉक्स क्रिकेट का फाइनल रोमांचक मुकाबले में फार्मडी की टीम ने 38 रनों से यह मुकाबला जीत खिताब अपने नाम किया। विशाल जैन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बॉस्केटबाल फाइनल मुकाबले में कुल 24 बॉस्केट में फैकल्टी मिथुल मेमन ने सर्वाधिक 18 बास्केट बनाए। स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डॉ. स्मृति तिवारी ने बताया कि इन विजेताओं को 30 अप्रैल को ऑडिटोरियम में आयोजित फेयरवेल समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### फैकल्टी टीम जीती

बास्केटबॉल का मुकाबला फैकल्टी टीम और बीफार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच खेला गया। फैकल्टी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 24-21 बास्केट से बी .फार्मा प्रथम वर्ष की टीम को मात दी। वॉलीबॉल मुकाबले के पहले सेट में बी .फार्म प्रथम वर्ष की टीम ने 15-7, जबकि दूसरे सेट में भी 15-12 से एमफार्म को पराजित कर मुकाबला जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। बी .फार्मा प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए।

### प्रिंस ने जीता सिंगल्स

बैडमिंटन सिंगल्स फाइनल और डबल्स फाइनल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। बैडमिंटन सिंगल्स फाइनल में बीफार्मा थर्ड ईयर के प्रिंस और बीफार्मा फर्स्ट ईयर के सुधांशु के बीच मुकाबला खेला गया। प्रिंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। उन्होंने पहला सेट 15-6 से जीता, जबकि दूसरे सेट में 15-7 से जीत दर्ज कर फाइनल अपने नाम किया। डबल्स फाइनल मुकाबले में बीफार्म थर्ड ईयर के प्रिंस और अविनाश की जोड़ी का सामना फैकल्टी टीम के डॉ . मित्थुल मेमन और डॉ . फूल चंद से हुआ। इस मुकाबले में भी प्रिंस और अविनाश की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 21-9 और दूसरा सेट में 21-19 से अपने नाम किया।

# पति-पत्नी और वो का हाई-वोल्टेज ड्रामा

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बार्डर स्थित एक होटल में पति-पत्नी और वो के विवाद में जमकर हंगामा हो गया। जब एक युवक अपनी विवाहित प्रेमिका के साथ रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इस दौरान युवक की पत्नी और युवती के पति ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया। विवाद बढ़ता देख होटल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर की वंसुधरा पार्क फेस वन कालोनी एक निवासी सितारगंज शहर निवासी अपनी विवाहित प्रेमिका के साथ निजी पल बिताने के लिए बार्डर स्थित एक होटल में रुका हुआ था। रात्रि में किसी समय युवक की पत्नी और प्रेमिका के पति को उनके ठिकाने की भनक लग गई। वे दोनों एक-एक करके होटल पहुंच गए और किसी तरह दोनों के रूम तक पहुंच गए। होटल के कमरे में दोनों को रंगरेलियां मनाते देख दोनों आगबबूला हो गए और विवाद शुरू हो गया। दोनों पक्षों के बीच होटल परिसर और बाहर काफी देर तक हंगामा चलता रहा, जिससे आसपास के लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। हंगामे की स्थिति को देखते हुए होटल के स्टाफ ने तत्काल डायल 112 को काल कर समूची घटना से अवगत करवा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद पुलिस चारों को अपने साथ होटल के नजदीक रुद्र बिलास चौकी ले आई। यहां पुलिस ने हंगामे और शांति व्यवस्था भंग करने के आरोपों में आरोपी पति का धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। होटल के भीतर इस तरह की घटना और उसके बाद स्वजन द्वारा किए गए हाई-वोल्टेज ड्रामे की चर्चा पूरे क्षेत्र में रही। पुलिस ने दोनों पक्षों को कड़ी चेतावनी देकर वहां से रवाना किया। गौरतलब है कि शहर के होटलों में इस तरह के मामलों को लेकर पुलिस लापरवाही बरत रही है। इस्पा सेंटर बंद होने के बाद बंद मकानों में इस तरह का कार्य जारी हैं। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि होटल में पति पत्नी का विवाद हुआ था। पत्नी की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को अपने साथ कोतवाली ले आई थी। यहां से आरोपी पति का शांतिभंग में चालान कर दिया गया था। उधर, होटल के स्टाफ ने इस पर कुछ बताने से इनकार कर दिया है।

● **विवाहिता प्रेमिका के पति और प्रेमी की पत्नी ने किया हंगामा**

# गौतम खट्टर की गिरफ्तारी पर नाराजगी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग हुआ। इसमें पंडित वीरेंद्र आर्य ने लोकेश आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया। इसके बाद शिवम आर्य व मथुरा प्रसाद आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया। डॉ. राम मुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया।

सत्संग में वैदिक मिशनरी और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर की गिरफ्तारी पर रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने गोवा सरकार को सनातन विरोधी बताया गया। कहा कि गौतम खट्टर भारतीय संस्कृति के रक्षक और पोषक है। विदेशियों ने भारत और भारतीय संस्कृति को मिटाने की बहुत कोशिश की और आज भी कर रहे हैं। सत्संग में जिला प्रधान अजब सिंह आर्य ने सहमति से निर्णय लेकर बताया कि महानगर में मंगलवार को गौतम खट्टर की गिरफ्तारी के विरोध में और तुरंत रिहाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम डीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। वहीं जिले की सभी तहसीलों के मुख्यालयों पर भी उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इस दौरान ज्ञानेंद्र गांधी, डॉ. अभय श्रोत्रिय, डॉ. राम मुनि, रमेश आर्य, डॉ. आलोक कुमार, अरविन्द आर्यबंधु, मयंक आर्य, निर्मल आर्य, राकेश कुमार, लोकेश आर्य, रामाशंकर आर्य, गायत्री आर्य, राजेश नारंग, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, कपिल मुनि, ज्ञानप्रकाश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



आर्य समाज स्टेशन रोड पर सत्संग में मौजूद आर्य समाज के प्रबुद्ध लोग।

● **आर्य समाज की ओर से मंगलवार को दिया जाएगा डीएम को ज्ञापन**

**न्यूज ब्रीफ**

### बदलती जीवनशैली से बढ़ रही समस्याएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तेजी से बदलती जीवनशैली का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ नजर आ रहा है। अनियमित खानपान, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण मधुमेह, ब्लड प्रेशर और मोटापे जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इन समस्याओं से बचने के लिए लोगों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त नींद पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना भी जरूरी है, ताकि किसी भी बीमारी का समय रहते इलाज किया जा सके। ताकि गंभीर हालात न बन पाए।

### भीषण गर्मी में लू और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लू और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में चक्कर आना, उल्टी, बुखार और कमजोरी जैसी शिकायतों के साथ मरीज पहुंच रहे हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम में ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार तेज धूप और गर्म हवाओं के संपर्क में आने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, अधिक से अधिक पानी पीने और हल्के व ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है।

# पहली पाली में 9626 अभ्यर्थी उपस्थित, 2806 ने छोड़ी परीक्षा

## दूसरे दिन दूसरी पाली में 12432 में 9639 उपस्थित, 2793 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**होमगाड्र्स भर्ती**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स भर्ती की लिखित परीक्षा दूसरे दिन रविवार को महानगर में 28 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गई। पहली पाली की लिखित परीक्षा में 9626 अभ्यर्थी रहे उपस्थित, 2806 ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में अभ्यर्थियों की उपस्थिति 77.4 प्रतिशत रही। जबकि दूसरी पाली में पंजीकृत 12432 में से 9639 ने परीक्षा दी। जबकि 2793 ने परीक्षा छोड़ दी। इस पाली में उपस्थिति 77.53 प्रतिशत रही।

उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स भर्ती की लिखित परीक्षा महानगर में 28 केंद्रों पर हो रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच दूसरे दिन रविवार को पहली पाली की लिखित परीक्षा केंद्रों पर कराई गई। जिसमें पहली पाली की परीक्षा में 9626 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 2806 ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्रों पर सुबह से ही विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी पहुंच गए थे। केंद्रों पर लाइन में लगे अभ्यर्थियों की तलाशी के बाद उन्हें अंदर प्रवेश दिया गया। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में पंजीकृत 12432 में से 9639 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 2793 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में उपस्थिति 77.53 प्रतिशत रही।

जिला प्रशासन की ओर से नामित सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा की सघन निगरानी की। नकल विहीन और शुचिता के साथ केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा कराने का निर्देश दिया। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई। वहीं हर केंद्र पर सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। पुलिस और होमगाड्र्स विभाग के अधिकारियों ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया। निश्चित समय में प्रश्नपत्र हल करने का निर्देश केंद्र व्यवस्थापक देते रहे।



दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **महानगर के 28 केंद्रों पर कराई जा रही तीन दिवसीय परीक्षा तलाशी के बाद मिला प्रवेश**

### परीक्षा छूटने के दौरान कई जगह जाम में जूझे लोग

परीक्षा छूटने पर दोपहर में महानगर के बुध बाजार, रेलवे स्टेशन रोड, सिविल लाइंस, बस स्टेशन रोड पर सड़क पर भीड़ होने से जाम लग गया। वाहनों की कतारें लगने से आवागमन प्रभावित हुआ। यातायात पुलिस कर्मियों को जाम हटवाने और यातायात सुचारू कराने में तेज धूप में पसीना बहाना पड़ा, तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने की जद्दोजहद करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# रेलवे ने परीक्षा के लिए चलाईं विशेष गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लिखित परीक्षा के लिए रेल प्रशासन ने अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन किया। इसका उद्देश्य बाहर से मुरादाबाद परीक्षा देने आने-जाने वाले परीक्षार्थियों व अन्य यात्रियों को सहूलियत देना था। सुबह की पाली की लिखित परीक्षा दोपहर में छूटी। जिसे देखते हुए रेलवे के द्वारा दोपहर 13:15 बजे मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 04352 का संचालन किया गया। जिसमें 1800 अभ्यर्थियों ने रेलवे टीम की निगरानी में अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया।

**आज व कल भी चलेंगी परीक्षा स्पेशल गाड़ियां :** होमगार्ड परीक्षा के मद्देनज़र रेल प्रशासन ने 26 व 27 अप्रैल को अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन सुनिश्चित किया है। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अतिरिक्त परीक्षा स्पेशल गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04351 (लखनऊ–मुरादाबाद) परीक्षा स्पेशल गाड़ी(संचालन 26 व 27 अप्रैल) गाड़ी संख्या 04352 (मुरादाबाद–लखनऊ) परीक्षा स्पेशल गाड़ी (संचालन 26 व 27 अप्रैल) यह गाड़ी मुरादाबाद से दोपहर 13:15 बजे प्रस्थान कर रामपुर, मिलक, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, बालामऊ होते हुए शाम 19:35 बजे लखनऊ पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04353 (लखनऊ – मुरादाबाद) परीक्षा स्पेशल गाड़ी। यह गाड़ी 27 व 28 अप्रैल को लखनऊ से रात 1:20 बजे चलेगी। जो हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर होते हुए मुरादाबाद स्टेशन पर सुबह 8:40 बजे पहुंचेगी।



होमगाड्र्स परीक्षा के दौरान प्लेटफार्म पर सुविधाओं का निरीक्षण करते रेल अधिकारी।

# गुरुकुल कोचिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कांठ रोड स्थित गुरुकुल कोचिंग इंस्टीट्यूट का आरंभ रविवार को आयोजित एक समारोह में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी सिटी रणविजय सिंह, न्यूरोसर्जन डॉ. आमिर खान और रेहान अशरफ ने संयुक्त रूप से केक काटकर उद्घाटन किया।

संस्थान के निदेशक एम सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे वे आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। दानिश मंसूर ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को प्रेरित कर सही दिशा में मार्गदर्शन देना भी है। राजीव कुमार ने बताया कि संस्थान में अनुभवी शिक्षकों की एक मजबूत टीम तैयार की गई है। यहां आधुनिक क्लासरूम, लैब्स, डिजिटल लर्निंग, नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट क्लासेज और ऑनलाइन सपोर्ट की सुविधा उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा छात्रों को व्यक्तिगत परामर्श, मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन, मॉडर्न लाइब्रेरी और करियर काउंसलिंग भी दी जाएगी। इस मौके पर जावेद मलिक, नितिन रस्तोगी, रफीउद्दीन आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसपी सिटी रणविजय सिंह, न्यूरोसर्जन डॉ. आमिर खान, रेहान अशरफ, निदेशक एम सिंह, दानिश मंसूर व अन्य। ● अमृत विचार

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर बढ़ी जागरूकता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ती जा रही है। विभिन्न सामाजिक संस्थाएं और विद्यालय समय-समय पर पौधरोपण अभियान चला रहे हैं और लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर रहे हैं। यही नहीं स्कूलों में सुबह प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षक विद्यार्थियों को समझा रहे हैं कि यदि समय रहते पर्यावरण की रक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करने की जरूरत है।

# एमआईटी में आइडिया लैब शुरू, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एमआईटी कॉलेज में एआईसीटीई की सहायता से स्थापित अत्याधुनिक आइडिया लैब का उद्घाटन किया गया। लैब में थ्रीडी प्रिंटिंग, सीएनसी राउटर, लेजर कटिंग और पीसी मिलिंग जैसी आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिनकी मदद से छात्र अपने इनोवेटिव आइडियाज को सीधे फंक्शनल प्रोटोटाइप और प्रोडक्ट्स में बदल सकेंगे। यह सुविधा न केवल इंजीनियरिंग छात्रों बल्कि स्थानीय उद्योगों और स्कूली बच्चों के कौशल विकास के लिए भी उपलब्ध रहेगी।

आइडिया लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुरु जम्भेश्वर विवि के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी, कॉलेज के चेयरमैन वाईपी गुप्ता, संयुक्त सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल व निदेशक एवं चीफ मेंटर डॉ. रोहित गर्ग ने संयुक्त रूप से कर लैब का भ्रमण किया। वार्षिक तकनीकी महोत्सव हाईटेक 2026 का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने बताया कि संस्थान को एआईसीटीई से 90 लाख रुपये का आइडिया लैब प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है। यह लैब छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी और आम लोग भी इसका उपयोग कर सकेंगे। मुख्य अतिथि प्रो. सचिन माहेश्वरी ने कहा कि टीम वर्क से ही सफलता मिलती है। वाईपी गुप्ता ने कहा कि तकनीकी शिक्षा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और एमआईटी में छात्रों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

हाईटेक 2026 के तहत कोड एक्सेलरेट, टेक एक्सथोन, प्रोजेक्टाथोन, आइडीयाथोन और डिबेट एरीना सहित पांच प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इनमें 270 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 42 विजेता रहे। संचालन डॉ. सुगंधा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर एमआईटी की प्रधानाचार्या मंजुला कंबोज, हाईटेक कन्वीनर डॉ. राजुल मिश्रा, आइडिया लैब कोऑर्डिनेटर डॉ. मुनीश छाबरा, को-कोऑर्डिनेटर डॉ. क्षितिज सिंघल, डॉ. अनिमेष अग्रवाल, डॉ. मनीष सक्सेना, ऋचा सक्सेना आदि मौजूद रहे।



लैब का उद्घाटन करते गुरु जम्भेश्वर विवि के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी, कॉलेज चेयरमैन वाईपी गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

- **थ्रीडी प्रिंटिंग व आधुनिक मशीनों से लैस लैब से छात्रों को मिलेगा प्रैक्टिकल अनुभव**

# खड़ी कार में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रविवार को महानगर के मझोला क्षेत्र में खड़ी एक कार में आग लगने से वहां अफरा तफरी मच गई। आग की ऊंची उठती लपटों को देखकर लोग भयभीत हो गए। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार मझोला क्षेत्र के शास्त्री नगर पुल के पास खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। तेज हवा से आग की लपटें धधकने लगी। आग की विकराल लपटों को देखकर लोग भयभीत होकर आसपास से गुजर रहे राहगीरों को भी हटाने लगे। इसी बीच किसी ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा फायर ब्रिगेड की टीम व फायर हाइड्रेंट वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। काफी देर प्रयास के बाद आग पर टीम ने काबू पाने में सफलता पाई।

इस दौरान कार बुरी तरह जल गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना पर एफएसओ को टीम के साथ मौके पर भेजा गया। उनके नेतृत्व में टीम ने कार में लगे आग पर काबू पाया। कारणों की जानकारी जांच के बाद ही पता चलेगी।

# कैमरे से गढ़ते थे फोटोग्राफी की अलग दुनिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फोटोग्राफी के पुरोधा रघु राय के निधन से फोटोग्राफी की दुनिया में सन्नाटा सा छा गया है। उनके खींचे गए फोटो में जो मुस्कुराहट, खिलखिलाते चेहरे दिखाई थे, जैसे वह स्याह हो गए हों। उनके साथ काम कर चुके और उनसे फोटोग्राफी के गुर सीखने वाले भी उदास हैं।

मुरादाबाद के प्रमुख छायाकारों में से एक आरके राजू का कहना है कि रघु राय अपने आप में एक मिसाल थे। मेरी उनसे कई बार मुलाकात हुई। दिल्ली में लगने वाली फोटो प्रदर्शनी में मैं भी अपने फोटो लगाता था और रघु राय के भी फोटो प्रदर्शित होते थे। फोटो देखकर और उनसे बातें करके बहुत कुछ सीखने को मिलता था। उनके फोटो में अलग ही एंगल हुआ करते। फोटोग्राफी में वह अंतिम समय तक एक्टिव रहे। मेरी उनसे अंतिम बार मुलाकात दिल्ली में हुए किसान आंदोलन की कवरेज के दौरान गाजीपुर बार्डर पर हुई थी। वह भी वहां कवरेज के लिए आए थे। बहुत भागदौड़ नहीं कर सकते थे तो अपने बेटे को साथ लेकर चल रहे थे। बोले कि किसानों का जज्बा देखकर मैं भी अपने आप को नहीं रोक सका और फोटोग्राफी के लिए आ गया।

वहीं, महाराज हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनसे कभी मुलाकात नहीं हुई, लेकिन वह गुरु के समान है। जब ड्राइंग बनाना शुरू किया था तो शुरुआती दौर में उनकी फोटोग्राफी पर लिखी किताब लाया। उस पुस्तक ने मुझे कला की दुनिया में स्थापित करने में सहयोग किया। यूं कहें कि उनके फोटो देखकर ही ड्राइंग सीखी। उनके फोटो में एक जीवंतता दिखाई देती थी। कंपोजीशन तो बेमिसाल होता। उनके गुजरात के भूकंप के दौरान खींचे गए फोटो, उस त्रासदी को दर्शाने के लिए पर्याप्त हैं। इसके साथ ही राजस्थान की संस्कृति हो अन्य प्रदेशों की कला, संस्कृति, लोक, समाज को दिखाते हुए फोटो पहली नजर में आकर्षित कर दिल में बस जाते हैं।

- **फोटोग्राफर रघु राय के निधन से मुरादाबाद के छायाकारों में शोक**

**मौसम का हाल** | **42 डिग्री तापमान ने तोड़े रिकॉर्ड, सड़कों पर पसरा सन्नाटा**

# सूरज की तपिश ने झुलसाया, लू के थपेड़ों से लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अप्रैल के अंतिम दिनों में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को सूरज की तेज तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों को दिनभर बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक रहा। तेज धूप और गर्म हवा के चलते दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया।

सुबह से ही सूरज की किरणें चुभने लगी थीं और जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, गर्मी ने विकराल रूप ले लिया। दोपहर के समय लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकले, वे छांव की तलाश करते नजर आए। राहगीर पेड़ों, बस स्टॉप और दुकानों के बाहर खड़े होकर राहत पाने की कोशिश करते दिखे। गर्मी के चलते सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और ठेला लगाने वालों को उठानी पड़ी। काम के दौरान उन्हें लगातार धूप और लू का सामना करना पड़ा। वहीं, बाजारों में भी ग्राहकों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। दुकानदार दिनभर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। प्यास बुझाने के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लिया। सड़क किनारे बेल का शरबत, गन्ने का जूस, शिकंजी और नारियल पानी बेचने वालों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली। चिकित्सकों ने लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, धूप में निकलने से बचने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है।

### बीट द हीट की थीम पर लोगों को लू से बचने की दी सलाह

भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध करने की जरूरत है। क्योंकि जरा सी लापरवाही बीमार बना सकती है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बीट द हीट की थीम पर जागरूकता की पहल की है। बीट द हीट थीम पर हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जागरूक करने की पहल की है। इसमें हीट स्ट्रोक से लक्षण, कैसे बचें और हीट स्ट्रोक लू लगने पर प्राथमिक इलाज के प्रति लोगों को सतर्क किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इन दिनों तेज गर्मी और लू से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इससे बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। लू लगने पर सभी सरकारी अस्पतालों में इलाज की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है। कोल्ड रूम भी बनवाए गए हैं।

### हीट स्ट्रोक से कैसे बचें

दोपहर के समय अधिक परिश्रम अर्थात श्रमसाध्य वाले कार्यों से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं, ज्यादा कैफीन या चीनी वाले ड्रिंक्स से बचें, हल्के रंग के कपड़े पहनें और बाहर काम करते समय बीच-बीच में आराम करें

### हीट स्ट्रोक के लिए प्राथमिक उपचार

पीड़ित व्यक्ति को किसी ठंडी जगह पर लिटाएं, ठंडी पट्टी या सेंक करें, ठंडे पानी के छोटे-छोटे घूंट पिलाएं और लू लगने से बीमार व्यक्ति की हालत में सुधार होने पर नमी वाले खाद्य पदार्थ दें।

## एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सोमवार से शुरू होगा। इसमें मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्कूलों की 20 से अधिक टीमें प्रतिभाग करेंगी।

आयोजन सचिव शाहवेज अली ने बताया कि प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल, आरएसडी एकेडमी, बोनी ऐनी पब्लिक स्कूल, राजेंद्र एकेडमी, सेंट पॉल्स कॉलेज, विल्सोनिया कॉलेज, जीके वेलम स्कूल, गांधी नगर पब्लिक स्कूल, डायमंड पब्लिक स्कूल, सरस्वती मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एएम वर्ल्ड स्कूल, ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, महाराजा अग्रसेन स्कूल, व्हाइट हॉल स्कूल, द आर्यन जोया, शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल, आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल और मॉर्निंग सन एकेडमी सहित अन्य विद्यालयों की टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट सुबह 10 बजे शुरू होगा।

**न्यूज डायरी**

### भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी के लिए वितरित किए मिट्टी के सकोरे



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** फाइनेस्को परिवार की ओर से पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए रविवार को लोगों को मिट्टी के 250 से अधिक सकोरे वितरित किए गए। संस्था के सदस्यों ने पीतल नगरी, बलदेव पुरी, दुर्गेश नगर, गोविंद नगर, कांशीराम नगर, भूड़े का चौराहा, हरथला, आशियाना आदि जगहों पर अभियान चलाया। उन्हें पक्षियों के लिए घर की छत, बालकनी और आंगन में मिट्टी के सकोरे में पानी भरकर रखने के लिए जागरूक किया गया। बताया कि सुबह आठ से 11 बजे तक भीषण गर्मी से बचाने के लिए पक्षियों को जल की आवश्यकता होती है। इसके लिए मिट्टी के सकोरे संस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी वितरित कर लोगों को प्रेरित कर रही है। जगमोहन मदान ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों की छतों पर इन सकोरों में पानी भरकर रखने के लिए प्रेरित करना था। अभियान में जगमोहन मदान, अभि शर्मा, अंजू शर्मा, मनोज वर्मा, स्वाति, विपिन, परमानंद, प्रदीप, अवधेश आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अभियान के माध्यम से पक्षी बचाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। संस्था के सदस्यों ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य को जारी रखने का दृढ़ संकल्प लिया।

### तकनीक हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 133वें संस्करण को महानगर के सभी दस मंडलों के बूथों पर सुना गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला देहात विधानसभा के रामगंगा विहार मंडल के जाट सभा के बूथ पर मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान लोकमणि सिंह, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने देश की वैज्ञानिक ताकत और अंतरिक्ष पर संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने विकास को हमेशा हथियार माना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गई है। जो जीवन के अतीत और वर्तमान को जोड़ने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश की उपलब्धियां और विज्ञान की भूमिका पर जोर दिया। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के अलावा महानगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, ब्लाक प्रमुख मनीष कुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, जवर सिंह, अनिल चौधरी,अजय पाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, अमित शर्मा, दीपक चौधरी, अभिषेक राठौर, विनीता मल्होत्रा, शशि किरण, पार्षद पंकज शर्मा, रेखा शर्मा, सोनल अग्रवाल, अजय वर्मा, पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, विजय वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### होम्योपैथिक व एक्यूप्रेशर शिविर में जांच कर मरीजों को वितरित की दवाएं



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नया मुरादाबाद के सेक्टर-13 में रविवार को ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के तत्वावधान में निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य, एक्यूप्रेशर एवं मर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा एवं डॉ. नूतन आर्य ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। वायरल रोगों व डेंगू से बचाव के लिए दवाएं वितरित कीं। शिविर में एक्यूप्रेशर एवं मर्म चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार कर कई मरीजों को तत्काल राहत भी प्रदान की गई। डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा विकसित होम्योपैथिक दवाओं की नई शक्तियों के प्रयोग से मरीजों को पहले की अपेक्षा तेजी से लाभ मिल रहा है। शिविर का संचालन एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ अभिनय आर्य ने किया। वहीं, पुष्कर राम, चरण सिंह, दीपाली, करन कोहली, सिद्धार्थ और प्रेम ने भी एक्यूप्रेशर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। इस मौके पर चौधरी ओमपाल सिंह, नकुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### आज रामपुर आएंगे फिलिस्तीन के राजदूत

**रामपुर, अमृत विचार :** भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्लाह एमए अबुशावेश 27 अप्रैल को रामपुर आएंगे। वो पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि फिलिस्तीन के राजदूत सौलत पब्लिक लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और इमामबाड़ा किला जाएंगे। इसके अलावा लल्लन खां के आवास पर बुद्धिजीवियों से संवाद करेंगे।


अब्दुल्लाह अबुशावेश।

### कल निकलेगी श्री बाला जी शोभायात्रा

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री बाला जी के जन्मोत्सव पर 28 अप्रैल को खारी कुआं से शाम 6 बजे शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा के संयोजक राजीव नंदन ने बताया कि शोभायात्रा में 23 झांकियां शामिल रहेंगी। बताया कि शोभायात्रा खारी कुआं से निकलकर मीठा कुआं, खुर्मो वाली जियारत, राजद्वारा, मिस्टन गंज होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुचेंगी। संयोजक ने बताया कि शोभायात्रा 25 अप्रैल को निकलनी थी लेकिन, किन्हीं कारणों से अब 28 अप्रैल को निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा हमेशा से भव्य रही है और इस वर्ष भी पूरी भव्यता के साथ निकाली जाएगी।

### सभासद ने हेडमास्टर से पैसे मांगे, अपशब्द

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला ढोढर स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोढर की प्रधानाध्यापक गजाला अफसर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। मोहल्ला कटकुइयां निवासी प्रधानाध्यापक का आरोप है कि सभासद मोबाइल फोन पर स्कूल के लिए आए हुए पैसे में से हिस्से की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह सरकारी पैसा है जिस मद के लिए आया है उसी मद में खर्च होगा। यह सुनकर सभासद आवेश में आ गए और अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। इसके अलावा आरोप है कि उनके पुत्र को रोक कर कहा कि अपनी मां से पैसा दिलाए अन्यथा वह उसका और उसकी मां का बुरा हाल कर देंगे। सभासद द्वारा कहा गया कि उनकी सरकार है और प्रशासन में उनकी पकड़ है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। पत्र में कहा गया है कि इस घटना के बारे में विभाग के अधिकारियों को भी बता दिया गया है।


पुलिस लाइन में परेड करती महिला आरक्षी। ● अमृत विचार


परिजनों से गले लगती महिला सिपाही।


समारोह समापन के बाद विजय का साइन देतीं महिला सिपाही। ● अमृत विचार

# नौ महीने प्रशिक्षण की आंच में तपकर कुंदन बनीं 590 बेटियां

## रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ भव्य दीक्षांत परेड समारोह, पासिंग आउट परेड के बाद यूपी पुलिस की सेवा को तैयार हुई आधी आबादी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन हुआ। इसमें नौ महीने प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ 590 महिला आरक्षियों ने खुद को सींचा और यूपी पुलिस में सेवा के लिए गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ अपर्णा कुमार द्वारा परेड की सलामी ली।

21 जुलाई 2025 से 590 महिला प्रशिक्षु नागरिक पुलिस का आधारभूत प्रशिक्षण शुरू हुआ था, जो 26 अप्रैल 2026 को दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 के भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर रिक्रूट महिला आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण के बाद परेड का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ अपर्णा कुमार मुख्यातिथि द्वारा परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा दी गई सलामी ली। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा गया। रिक्रूट महिला आरक्षियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया। मुख्यातिथि ने कक्ष व बाह्य विषय की विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें बाह्य विषय के योग में प्रथम रेणुका रानी, अन्तः विषय के योग में प्रथम अंजली चतुर्वेदी, सर्वांग सर्वोतम में शिवानी तथा परेड कमांडर प्रथम आस्था, परेड कमांडर द्वितीय शारदा पांडेय, परेड कमांडर तृतीय कंचन तथा सर्वश्रेष्ट प्रशिक्षक अध्यापक निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, आईटीआई आरक्षी ब्रजेश कुमार, पीटीआई मुख्य आरक्षी जगराम सिंह, आरटीसी मेजर, आईटीआई पवन कुमार व उद्घोषक सुहैल खान को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह के अंतिम चरण में सभी रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को स्मृति चिह्न दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, सीओ सिटी जितेंद्र कुमार, सीओ लाइन कीर्ति निधि आनंद सहित अन्य पुलिस अधिकारी, पुलिसकर्मी और रिक्रूट महिला आरक्षियों के परिजन व भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

**पति की मौत के बाद सिपाही बनी :** धामपुर निवासी कविता रानी के पति पुलिस विभाग में ऑपरेटर थे और मेरठ में तैनात थे। एक सड़क हादसे में उनके पति का निधन हो गया तो उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी ठानने का मन बनाया। इसके बाद पति के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे से ओवदन किया और प्रशिक्षण संपन्न किया। उनका बेटा भी समारोह में मौजूद रहा।


विजेता महिला आरक्षी को सम्मानित करती मुख्यातिथि अपर्णा कुमार, एसपी सोमेंद्र मीना।


मुख्यातिथि अपर्णा कुमार और एसपी सोमेंद्र मीना परेड का निरीक्षण करते हुए।


परिजनों को सेल्यूट करती कविता रानी।

### वर्दी केवल एक परिधान नहीं, बल्कि जनता का विश्वास है: अपर्णा कुमार

मुख्यतिथि संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ अपर्णा कुमार ने प्रथम कमांडर आस्था विकट पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट नेतृत्व करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्दी केवल एक परिधान नहीं, बल्कि जनता का विश्वास है। जब आप अपने कर्तव्य पथ पर उतरेंगी तो एक पीड़ित व्यक्ति अपनी अंतिम उम्मीद के साथ आपकी ओर देखेगा। आपकी वर्दी अपनी सफलता किसी अपराधी को सजा दिलाने से ज्यादा एक बेबस इंसान के चेहरे पर मुस्कान लाने और उसे सुरक्षा कराने में है। आपकी वर्दी केवल अनुशासन का प्रतीक नहीं है, बल्कि आपके धैर्य, कड़ी मेहनत और संकल्प का प्रतीक है। 590 महिला प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ है ये बदलते भारत और बदलते उत्तर प्रदेश की सशक्त तस्वीर है। वर्दी पहने से मतलब सिर्फ वर्दी पाना नहीं, बल्कि समाज प्रति अटूट जिम्मेदारी निभाना है। नियुक्ति के बाद आपके सामने कईं चुनौतियां आएंगी, उस समय आपका विवेक, आपका प्रशिक्षण और ईमानदारी ही सबसे बड़ी शक्ति होगी। हमेशा न्याय का साथ दें और समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति के लिए ढाल बनें। आप केवल कानून की रक्षक नहीं, बल्कि प्रदेश की आधी आबादी के प्रेरणाश्रोत हैं। जब कोई बेटी आपको ड्यूटी पर देखेगी तो उसके मन में निडर होकर आगे बढ़ने का सपना जगेगा। बच्चों और महिलाओं के प्रति आपकी संवेदनशीलता ही मिशन शक्ति जैसे अभियानों को जमीन पर सफल बनाएगी। तकनीकी रूप से मजबूत बनें और स्मार्ट पुलिसिंग का हिस्सा बनें। एक स्वस्थ एक चुस्त पुलिसकर्मी बेहतर सेवा दे सकता है।

### किसान की बेटी सिपाही बनी गदगद हुआ परिवार

जिला शामली निवासी पूजा किसान की बेटी हैं और समारोह के दौरान परिवार के लोग पुलिस लाइन पहुंचे। परेड के बाद पूजा परिजनों से मिली तो खुशी के आंसुओं के साथ परिवार गदगद था। परिजन बोल रहे थे कि हमारी बेटी अब पुलिस सेवा करेगी।


पूजा शर्मा परिजनों के साथ।

### दो दिन पहले आस्था के पिता का हुआ था निधन

**रामपुर, अमृत विचार :** परेड की प्रथम कमांडर रही आस्था के पिता का दो दिन पहले ही निधन हो गया था, इसके बावजूद उसने कर्तव्य का पालन किया। उन्होंने दुख को पीछे छोड़ते हुए परेड का नेतृत्व किया। सहारनपुर जिले के ब्राह्मण मझरा गांव की निवासी आस्था के पिता राजवीर सिंह का 24 अप्रैल को निधन हो गया था। परेड के दौरान आस्था ने कमांडर के रूप में अपनी टुकड़ी का दृढ़ता से नेतृत्व किया। उन्होंने अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए इस कर्तव्य को निभाया। आस्था ने बताया कि उनके पिता मजदूरी करते थे और हमेशा चाहते थे कि उनकी बेटी वर्दी पहनकर देश की सेवा करे। आस्था ने अपने पिता के इस सपने को पूरा किया। आस्था के दोनों भाई पियूष और वैभव भी मौजूद रहे। वैभव और उनकी पत्नी प्रिया ने आस्था का समर्थन किया।


पिता को याद करके रोती हुई आस्था।

### पिता का सपना पूरा करने को पहनी वर्दी

कानपुर निवासी वैशाली शर्मा के पिता पुलिस विभाग में अधिकारी थे। उनकी मौत के बाद वैशाली ने पुलिस सेवा में जाकर उनके सपने को पूरा किया। इस दौरान उनकी माता और परिवार साथ रहा। जैसे ही समारोह का समापन हुआ तो वैशाली ने कैप उतारकर मां के सिर पर रख दी। भावुक पलों के बाद परिवार के सभी सदस्यों की आंखों में आंसू रहे।


वैशाली शर्मा।

## काजीपुरा विवाद में एक गिरफ्तार

● **मारपीट के बाद अपहरण के प्रयास पर हुआ था बवाल**

**टांडा, अमृत विचार:** शनिवार देर रात कार सवार युवकों द्वारा एक युवक को अगवा करने के प्रयास और उसके बाद मचे बवाल के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

शनिवार देर रात करीब 10 बजे मोहल्ला काजीपुरा निवासी मोहम्मद उवैस अपने साथी मोहम्मद यूनुस उर्फ गुड्डू कबाड़ी के साथ शाही मस्जिद के पास बैठा था। तभी कार सवार युवकों ने उसे जबरन कार में खींचने का प्रयास किया। उवैस के साथी यूनुस ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर जुटी स्थानीय भीड़ ने उवैस को सुरक्षित छुड़ा लिया और गुस्साए लोगों ने एक आरोपी को दबोच कर उसकी पिटाई कर दी, साथ ही हमलावरों की कार में भी तोड़फोड़ की। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य युवक मौके से फरार होने में सफल रहे। घटना के संबंध में मोहम्मद यूनुस निवासी मोहल्ला काजीपुरा की तहरीर पर कोतवाली में मोहम्मद जैद, मोहम्मद मरगूब निवासी मोहल्ला सेन्टाखेड़ा और चार अज्ञात लोगों पर मामला पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने रविवार दोपहर को खजुआ खेड़ा रोड से घटना में शामिल आरोपी वसीम निवासी मौहल्ला ईदगाह कालोनी, थाना लिसाडीगेट, जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



हमलावरों द्वारा क्षतिग्रस्त की गई कार।

## अंक सुधार परीक्षा की तैयारियों में जुटे छात्र

● **नई शिक्षा नीति-2020 के तहत सीबीएसई ने पहली बार दी है व्यवस्था**

**रामपुर, अमृत विचार:** सीबीएसई 10वीं के छात्र-छात्राएं अंक सुधार परीक्षा की तैयारियों में जुट गए हैं। 15 से 21 मई तक अंक सुधार परीक्षा होगी। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सीबीएसई ने पहली बार यह व्यवस्था दी है ताकि, परीक्षार्थियों के मन मस्तिष्क पर बोझ नहीं पड़े।

सीबीएसई अंक सुधार परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को साहित्य विषय में किसी एक को चुनना होगा। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि हिंदी और अंग्रेजी साहित्यिक विषय हैं परीक्षार्थी में इनमें किसी एक को चुनना होगा। दोनों विषयों में अंक सुधार के लिए आवेदन नहीं किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों विषयों में अंक सुधार के लिए आवेदन कर दिया था इनमें से एक विषय कट जाएगा। केवल हिंदी या अंग्रेजी में ही अंक सुधार की परीक्षा दी जा सकती है। बताया कि 15 मई को सुबह 10:30 बजे से गणित स्टैंडर्ड और गणित बेसिक का पेपर दोपहर 1:30 बजे से होगा। 16 मई को अंग्रेजी, 18 मई को विज्ञान और 19 मई को हिंदी, उर्दू, पंजाबी, और अरबी विषयों की परीक्षा होगी। 20 मई को पेंटिंग, संस्कृत, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा होगी। 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक होगी।

**न्यूज डायरी**

### प्रधानमंत्री की मन की बात का सीधा प्रसारण देखा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर में रविवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख सहित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। इसके बाद औलख ने कहा कि राष्ट्रसेवा, जनकल्याण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्राप्त हुई। रविवार को कृषि राज्यमंत्री कार्यकर्ताओं के साथ पालिका के नामित सभासद दिनेश शर्मा के आवास पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का सीधा प्रसारण देखा। कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को जोड़ने, जनभागीदारी बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, अंगनलाल राजपूत, चेतन पारुथी, सजल नैय्यर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### वृंदा चिरंजीव ने जेईई एडवांस के लिए किया क्वालीफाई

**रामपुर, अमृत विचार :** वृंदा चिरंजीव ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन) में सफलता हासिल कर जेईई (एडवांस) के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उसने 93 .42 परसेंटाइल के साथ जेईई (मेन) परीक्षा में सफलता हासिल कर आगामी 17 मई को होने वाली जेईई (एडवांस) परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। देश के सभी 21आईआईटी और आईआईएससी बेंगलुरु में स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले जेईई (एडवांस) परीक्षा के माध्यम से ही होते हैं। पिता चिरंजीव गुड्डू कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में शिक्षक और माता संगीता भाटिया ग्रहणी है। इनकी बड़ी बेटी गौरी चिरंजीव ने 2024 की जेईई (मेन) परीक्षा में सफलता हासिल की थी और वह इस वक्त बेंगलुरु से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर रही है। छोटी बेटी वृंदा के माता-पिता ने बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त की है और उसे आगामी 17 मई को होने वाली जेईई (एडवांस) परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।


वृंदा चिरंजीव ।

### मरीज को देखने आए युवक की कार में दबंगों ने की तोड़फोड़

**बिलासपुर, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में भर्ती मरीज का हालचाल जानने आए एक व्यक्ति की सड़क किनारे खड़ी कार को दबंगों ने निशाना बनाते हुए डंडों से हमलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। बिलासपुर क्षेत्र के गांव गोधी रम्पुरा निवासी शहादत हुसैन ने पुलिस को तहरीर सौंपी। जिसमें बताया कि शनिवार रात वह मोहल्ला पंजाबी कालोनी स्थित एक अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने आया था। उन्होंने अपनी कार रामपुर रोड स्थित यूको बैंक के सामने सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। आरोप है कि रात्रि में कुछ दबंगों ने पहले अपनी बाइक से कार को टक्कर मारी और फिर डंडे से प्रहार कर कार के दरवाजों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं, यह समूची घटना बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं को मिशन शक्ति सम्मान से नवाजा

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को ग्रीनबर्ग पर्यावरण फाउंडेशन सेवा समिति द्वारा नवतारा होटल में मिशन शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार और उप्र महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी ने महिला सदस्यों का हौसला बढ़ाते हुए सभी को सम्मानित किया। सुनीता सैनी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रहीं हैं, हम सभी को इस पर गर्व है। इस दौरान अध्यक्ष नीना साहनी, शारदा नरूला, यामिनी, गीता, रमा अग्रवाल, अनिता, सरिता सिंघल, प्रतिमा, सुनीता, संगीता, डॉली, श्वेता वर्मा, सरिता पाल, मृदुल शर्मा, पारुल अग्रवाल, बबीता चौहान, मीना आदि महिलाएं मौजुद रहीं।



## नागरिक निर्धारित पोर्टल पर भी कर सकते हैं स्व-गणना: डीएम

● **जनगणना को लेकर 4700 कर्मियों को प्रशिक्षण शुरू**

**रामपुर, अमृत विचार:** भारत सरकार द्वारा जनगणना-2026-27 को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जनगणना को लेकर रामपुर में करीब 4700 कर्मियों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। प्रमुख जिला गणना अधिकारी एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जनगणना को लेकर आम नागरिक भी भागीदारी निभा सकता है और नागरिक पोर्टल पर स्वयं गणना कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 के तहत जिले में मकान सूचीकरण एवं घर-घर सर्वेक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण कराया जाएगा। यह कार्य पूर्णतः पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से कराया जाएगा, जिसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। 7 से 21 मई 2026 तक नागरिक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना कर सकते हैं। 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक द्वारा 33 बिंदुओं पर प्रत्येक घर पर जाकर मकानों एवं परिवारों का विवरण एकत्रित करेंगे। जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत मकान से संबंधित विवरण, परिवार की संरचना एवं सदस्यों की जानकारी, पेयजल, शौचालय, बिजली, ईंधन जैसी मूलभूत सुविधाएं घरेलू उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी एकत्रित की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।


डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

## रामपुर की चिकित्सीय सेवाओं के विकास में सहायक होगा आईडीए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) रामपुर शाखा का रविवार को प्रथम इंस्टालेशन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. अनुराग सिंघल को अध्यक्ष तथा डॉ. नायला सिददीकी को सचिव मनोनीत किया गया। दोनों पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि आईडीए के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. संदीप शुक्ला, डॉ. सचिन प्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शहर विधायक ने कहा कि यह आयोजन न केवल भव्य रहा, बल्कि यह रामपुर में चिकित्सीय सेवाओं के विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इंडियन डेंटल एसोसिएशन की सक्रियता से आम जनता को बेहतर दंत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्वास्थ्य जागरूकता में भी वृद्धि होगी। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अनुराग सिंघल ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि आईडीए रामपुर शाखा को सशक्त बनाते हुए जिले में दंत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। वहीं, सचिव डॉ. नायला सिददीकी ने संगठन को संगठित और सक्रिय रखने के लिए सभी सदस्यों के सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में एम्स के प्रोफेसर डॉ. अमल सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ब्रजेश, डॉ. साकिब रजा, डॉ. संजय, डॉ. मोईन, डॉ. राजीव, डॉ. पुनीत, डॉ. टीएम खान, डॉ. दीपाली, डॉ. रजत, डॉ. वीवी शर्मा, डॉ. प्रदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


इंडियन डेंटल एसोसिएशन के कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर व विधायक आकाश सक्सेना।

न्यूज ब्रीफ

## मारपीट मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पुराना ललवारा गांव निवासी सुभान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया कि उनका छोटा भाई मस्तान शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे के समय अपनी कार से हाथीपुर जाने के लिए निकला था। आरोप है कि जैसे ही वह रायपुर गांव के चौराहे पर पहुंचा तो वहां पहले से ही मौजूद किशनपुर गांव निवासी राशिद, जीशान, दानिश और अनीस ने उसे कार से उतार कर बुरी तरह लाठी डंडों से मारा पीटा और आरोपी उनके भाई को अपने गांव ले गए। इसी दौरान उसके द्वारा शोर मचाने पर लोगों को अपनी ओर आता देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दी गई शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## गैंगरेप का आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** केमरी पुलिस ने महिला के साथ घर में घुसकर गैंगरेप करने, अश्लील वीडियो बनाने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने बताया कि 15 अप्रैल को अय्यान, रोशिव, युनुस निवासी केमरी घर में घुसकर गैंगरेप रेप किया और अश्लील वीडियो बना ली। इतना ही नहीं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सोने की अंगुठी, 20,000 रुपये ले ले लिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग कर रहा थे। मामले में फरार युनूस निवासी मोहल्ल माजुल्लानगर कस्बा केमरी को रविवार को रामपुर तिराहा कस्बा केमरी से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवतियां घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सड़क हादसा शनिवार देर शाम हाईवे पर जीरो प्वाइंट स्थित एक स्कूल के पास हुआ। रुद्रपुर की आवास विकास कॉलोनी निवासी आरती स्कूटी से घर जा रही थीं। पीछे ट्रांजिट कैंप निवासी सहेली मंजू बैठी थीं। सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। चालक कार लेकर फरार हो गया। कुछ लोगों ने घायल दोनों युवतियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मंजू ने बताया कि दोनों केमरी से दवाई लेकर घर जा रही थीं। वहीं गांव बैरमनगर निवासी इरफान का पुत्र अरहान छत से जमीन पर गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। अरहान छत पर लगी ग्रिल पर चढ़ गया था और फिसलकर गिर गया। चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने बताया कि तीनों घायलों को गंभीर चोटें आई थीं।

### कई बार सभासद और नगर पालिका के अधिकारियों से कर चुके शिकायत, नहीं हो रही सुनवाई

# वार्ड 35 में पानी के साथ आ रही रेत, 15 हजार आबादी हो रही परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** वार्ड 35 की करीब 15 हजार आबादी रेतीली पेयजल आपूर्ति से लोग परेशान हैं। कई बार पालिका अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन, स्थिति जस की तस है। पाइप लाइन से आने वाले पानी को यदि सब्जी और रोटी में इस्तेमाल करने पर वह भी रेतीली हो जाती है। करीब दो माह से रेतीला पानी से पीने से लोगों को पित्त और गुर्दों में पथरी की शिकायत होने लगी है।

शहर के मोहल्ला लाल कबर का कुछ हिस्सा, चीनी ग्रान, लाल मस्जिद, चिरान, बड़ी सराय, बगले वाला तालाब और रेती में पिछले करीब दो माह से रेतीले पानी की पेयजल आपूर्ति हो रही है। टंकी से रेतीला पानी आने से लोग परेशान हैं। वार्ड 35 के सभासद खलील अहमद बताते हैं कि करीब चार माह पूर्व चिरान में नया बोरिंग कराया गया था वहां के लोगों ने ठेकेदार से कहा कि बोरिंग और गहरा कीजिए और उन्होंने बोरिंग को और गहरा कराकर दो छड़ें और डलवा दीं। बताया कि इसके बाद दो माह से रेतीला पानी आ रहा है। इस मामले में नगर पालिका परिषद के जलकल अभियंता को बताया गया है जलकल अभियंता ने कहा कि सोमवार को इसे दिखवाएंगे। जबकि, दो माह से रेतीला पानी आने से लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि सभासद को लोग दो माह से पानी की समस्या बता रहे हैं लेकिन, स्थिति जस की तस है।


पानी के साथ आता रेत।


पानी की बोतल में तली में जमा रेत।


दो माह से रेतीला पानी आ रहा है लेकिन पालिका अधिकारियों को कई सुध नहीं है। लोग रेतीला पानी पीकर बीमार हो रहे हैं उनके गुर्दों और पित्ते में पथरी हो रही है। पथरी के कारण लोगों को अपना पित्ता निकलवाना पड़ रहा है।
– आसिम खां


चिरान में करीब 4 माह पहले नया बोरिंग हुआ है शुरू के दो माह तक पानी साफ आया लेकिन, पिछले दो माह से पानी के साथ रेत आ रही है। सभासद समेत पालिका अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी लेकिन, स्थिति जस की तस है।
– आलम खां


गर्मी के मौसम में लोगों की पहली जरूरत पानी होता है। लेकिन, साफ पानी नहीं मिल रहा है लोग मजबूरी में घरों पर वॉटर कूलर मंगवा रहे हैं। पालिका अधिकारी लोगों की बात को नहीं सुन रहे हैं उनकी बात नहीं सुनी गई तो वे सड़कों पर उतर आएंगे।
– आरिफ खां


गर्मी के मौसम में साफ पानी नहीं मिलने से लोग बीमार हो रहे हैं। लोग पानी का निथार कर कुछ लोग कुछ देर रखने के बाद पी रहे हैं। इस एहतियात के बावजूद पानी के साथ रेत के कुछ कण उनके पेट में पहुंच जाते हैं और वे पथरी का रूप ले रहे हैं।
– मतलूब खां

# दूसरे दिन 4326 परीक्षार्थियों ने दी होमगार्ड परीक्षा, 1242 रहे नदारद

### सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच दो पालियों में 11 केंद्रों पर हुई पर हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रविवार को दो पालियों में 11 परीक्षा केंद्रों पर हुई होमगार्ड परीक्षा में 5568 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4326 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 1242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर चिलचिलाती धूप में परीक्षार्थी अपना कक्ष संख्या ढूंढकर कक्ष में पहुंचे। परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

होमगार्ड परीक्षा का रविवार को दूसरा दिन था पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। पहली पाली में 2784 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2163 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 621 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2784 के सापेक्ष 2163 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 621 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व केंद्रों पर परीक्षार्थियों की पुलिस द्वारा सघन तलाशी ली गई। परीक्षा केंद्रों पर महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग कतार लगवाई गई और उनकी महिला पुलिसकर्मियों द्वारा तलाशी ली गई।

परीक्षार्थियों के जूते और मोजे भी उतरवाकर देखा गया इसके लिए मेटल डिटेक्टर से भी परीक्षार्थियों को चेक किया गया। परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षकों के अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी परीक्षार्थियों की निगरानी की गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर टेंट लगाकर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। एहतियात के तौर पर परीक्षा केंद्रों पर दमकल की गाड़ियां भी खड़ी करा दी गईं थीं। दूसरी पाली की परीक्षा के लिए चिलचिलाती धूप में परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी पहुंचे और उनके साथ आए लोग सड़क किनारे पेड़ की छांव में बैठकर परीक्षा के समापन का इंतजार करते रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी और उनके साथ आए लोग गंतव्य की ओर रवाना हो गए।


राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज परीक्षा केंद्र से परीक्षा के बादबाहर आते परीक्षार्थी।

**इन केंद्रों पर हुई परीक्षा**

राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज ककरौआ और राजकीय इंटर कालेज काशीपुर आंगा।

> होमगार्ड की परीक्षा दूसरे दिन रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। अब इन्हीं केंद्रों पर 27 अप्रैल को भी परीक्षा होगी। तीनों दिन की परीक्षा के लिए 16704 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।
> – **अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

## स्वार में डंपर की टक्कर से बैलगाड़ी सवार तीन घायल

**स्वार, अमृत विचारः** रविवार सुबह स्वार मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बैलगाड़ी सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

मधुपुरा निवासी धर्मपाल रविवार सुबह अपने परिवार के साथ बैलगाड़ी में बैठकर कोसी नदी पार गेहूं काटने जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बैलगाड़ी स्वार रोड स्थित गांव मधुपुरा के पास पहुंची। तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बैलगाड़ी पलट गई और उसमें सवार धर्मपाल सहित परिवार के तीन लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद धर्मपाल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें मुरादाबाद के टीएमयू मेडिकल कॉलेज भेजा है।

## बिजली अफसरों के खिलाफ कांशीराम के लोगों का प्रदर्शन


बिजली अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते कांशीराम कॉलोनी के बाशिंदे।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुराने मीटर उखाड़ने और तार काटने पर भड़के लोग

**अमृत विचारः** शहर के पहाड़ी गेट के निकट चपटा स्थित कंशीराम कॉलोनी में रविवार को बिजली अधिकारियों के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया। जबरन पुराने मीटर उखाड़ने और तार काटने पर लोग भड़क गए। इस मौके पर अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर ने कहा कि बिजली अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। विद्युत निगम के अधिकारी और कर्मचारी सीयूजी नंबर भी नहीं उठाते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रविवार को सुबह 10:10 बजे विजिलेंस के नाम पर पहाड़ी गेट के जेई और कर्मचारी पहुंचे। इसके बाद काशीराम कॉलोनी पहाड़ी गेट चपटा कॉलोनी में जबरन पुराने मीटर और तार उतारना शुरू कर दिए जिन लोगों ने इस सम्बंध में कुछ पूछना चाहा उनके कनेक्शन काट दिए गए। कांशीराम कालोनी में निर्धन लोग रहते हैं। उन्हें भारी भरकम बिल भेजकर निगम के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। आरोप है कि रातों में संविदा कर्मी घरों में यह कहते हुए घुस जाते हैं कि बिजली चोरी से जल रही है। महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। कहा कि बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों और पीलिंग मशीनों पर चेकिंग नहीं की जाती बल्कि गरीबों के घरों में जलता एक बल्ब अच्छा नहीं लगता है। बाशिंदों के लिए 200 रुपये महीना बिजली खर्च शासन ने तय किया था। ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध जिलाधिकारी कार्रवाई कराएं। स्मार्ट हटवाए जाने की मांग की गई है। जबर सिंह सागर, दिनेश सागर, अमित सागर, छोटा भीम, सोनू सक्सेना, अनिल कुमार, नन्हें, बबीता, बबलू, अर्जुन, गुलजारा, रिजवानी, गुड्डू, सुमन, राजकुमारी आदि शामिल रहे।

## सरकार गरीब, किसान के हित में कर रही कार्य: औलख


तीन पानी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने धावनी से चैनपुर तक 13 किमी. सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में राज्यमंत्री औलख ने कहा किप्रदेश सरकार निरंतर गांव, गरीब, किसान एवं आमजन के हित में बेहतर कार्य कर रही है। जिससे क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा आगे भी विकास कार्यों की यह गति जारी रहेगी। क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। धावनी से चैनपुर तक 13 किमी. सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसकी अनुमानित लागत 19 करोड़ 91 लाख 46 हजार है।

## रामपुर ने मुरादाबाद ब्लू को 4 विकेट से हराया

- आईएफटीएम में हो रहा अंडर-19 इंटर जोन क्रिकेट टूर्नामेंट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मुरादाबाद मंडल में खेले जा रहे इंटरजोन क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-19 में रविवार को रामपुर की टीम ने मुरादाबाद ब्लू को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुरादाबाद की टीम ने 45 ओवर में 295 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी रामपुर की टीम के खिलाड़ियों ने 6 विकेट के नुकसान पर 300 रन ठोंक कर जीत दर्ज की।

आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन की टीम के गेंदबाज आसिफ ने दो, आरुष ने दो विकेट लिए। मुरादाबाद ब्लू स्टार द्वारा दिए गए 295 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन की टीम की ओर से कृष्ण सारस्वत ने 56 रन, अजलन अहमद खान ने 66 रन, मोनू सिंह ने 60 रन बनाए और रामपुर की टीम ने 6 विकेट खोकर 300 रनों का लक्ष्य पूरा कर दिया। इस तरह से रामपुर की टीम ने मुरादाबाद की टीम को चार विकेट से हरा दिया। मैच के ऑब्जर्वर यूपीसीए के सिलेक्टर मोहम्मद सेफ, सलिल सोलंकी, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी एवं सेक्रेटरी मंडल मुरादाबाद विजय गुप्ता, बदरुद्दीन सिद्दीकी, बादशाह क्रिकेट कोच रुक्मणी आदि मौजूद रहे। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के संयोजक आलम खां ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के क्रिकेट टूर्नामेंट में रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन की एक टीम, मुरादाबाद की दो टीम, अमरोहा की दो टीम और संभल की एक टीम प्रतिभाग कर रही है। बताया कि सोमवार को रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन और अमरोहा क्रिकेट एसोसिएशन की टीमों के बीच मैच खेला जाएगा।


रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन की विजेता टीम। • अमृत विचार

## हजरत गंज से ट्रंचिंग ग्राउंड हटेगा, 4 करोड़ से बदलेगी सूरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** दिल्ली गेट के निकट हजरतपुर की ट्रंचिंग ग्राउंड से धुआं उठने के कारण आसपास के लोगों का जीना दुश्वार है। लेकिन अब ट्रंचिंग ग्राउंड साफ करने और कूड़ा निस्तारण कराए जाने के लिए नगर पालिका परिषद ने 4 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। ट्रंचिंग ग्राउंड साफ होने से करीब 8 हजार लोगों को धुएं और बदबू से निजात मिलेगी।

ट्रंचिंग ग्राउंड से उठते धुएं के कारण कई बार प्रदर्शन भी कर चुके हैं। ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा साफ होने के बाद इस जगह पर पार्क बनेगा और पौधारोपण कराया जाएगा। इसके बाद लोगों को धुएं और बदबू से छुटकारा मिल जाएगा। पालिका हजरतपुर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड से कूड़ा कचरा साफ करने के लिए टेंडर किया था। इसके बाद फाइनेंशियल बिट खोली थी। इसके बाद एक कंपनी को 4 करोड़ का ठेका दे दिया गया है। कंपनी हजरतपुर में कूड़े के पहाड़ों को हटाकर इसका निस्तारण करेगी। हजरतपुर में कूड़ा-कचरा हटवाए जाने के लिए कंपनी से अनुबंध के बाद वर्क आर्डर जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद लोगों को कूड़े से उठती दुर्गंध और धुएं से मुक्ति मिलेगी।

इसके अलावा शहजादनगर स्थित प्लांट के संचालन के लिए लखनऊ में एमएलटीसी में स्वीकृति के लिए शासन को फाइल भेज दी गई है। एएलटीसी एक तकनीकी कमेटी है जो कि फाइलों को चेक करेगी।


हजरतपुर में ट्रंचिंग ग्राउंड पर कूड़े के ढेरों से उठता धुआं। • अमृत विचार

- ट्रंचिंग ग्राउंड से उठते धुएं से करीब 8 हजार लोगों को मिलेगी निजात
- साफ होने के बाद कराया जाएगा पौधारोपण और बनेगा पार्क

> हजरतपुर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड का एक कंपनी को ठेका दिया गया है। जिससे हजरतपुर के कूड़े में आग लगकर उठने वाले धुएं से लोगों को निजात मिलेगी। वर्क आर्डर के बाद काम शुरू करा दिया जाएगा। शहजादनगर प्लांट को चालू कराने के लिए फाइल को लखनऊ भेज दिया गया है। – दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

## कार व ई रिक्शा की टक्कर, सात घायल

**दढ़ियाल, अमृत विचारः** टांडा-बाजपुर मार्ग पर रविवार शाम करीब पांच बजे एक कार और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार 7 लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार में भर्ती कराया गया।

कोसी पुल पार साहिबा सीएनजी पंप के सामने छे से आ रही एक कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मोहल्ला चक काशीपुर निवासी ओमप्रकाश पत्नी कामिनी के साथ दवा लेने दढ़ियाल गए थे और ई-रिक्शा से लौट रहे थे। घायलों में ई-रिक्शा चालक मो शाहजेब मोहल्ला अगलगा , मो आलिम हयातनगर थाना टांडा, मोबीन अलीनगर जागीर और उसकी बहन रेशमा सहित 7 वर्षीय आसिया भी शामिल है। हादसे के बाद मार्ग पर जाम का जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर त्रिवेणी शुगर मिल में खड़ा कर दिया।

## न्यूज डायरी

### श्री आनंदपुर धाम आश्रम की शाखा स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्राम हजरतपुर में शनिवार को श्री आनंदपुर धाम आश्रम की शाखा रामपुर में स्थापित किए जाने के उद्देश्य से भूमि पूजन किया गया। इस पावन अवसर पर सरदार गुल्लू सेठ के फॉर्म पर आश्रम निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। आश्रम की नींव स्वामी शिवम महात्मा जी के कर–कमलों द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धार्मिक वातावरण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवानी बहन, गुरमीत कौर, नरेंद्र कालरा, कृष्ण लाल खुराना, राजीव अग्रवाल, नरेंद्र भाटिया, राहुल, मनोज, पृथ्वी सिंह, रणवीर सिंह, हरीश आनंद सहित सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं एवं संगत को प्रेमपूर्वक लंगर वितरित किया गया।





### घर से लाखों के जेवर-नकदी ले उड़े चोर

**मिलक, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बसीर नगर, रौरा कलां दुर्गा मंदिर निवासी संजय मौर्य के घर शनिवार को सुबह करीब 4 बजे चोरी हो गई। चोर घर से सोने–चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपये नकद ले गए। घर स्वामी संजय मौर्य ने थाना मिलक में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। संजय मौर्य ने बताया कि वह सुबह करीब 3 बजे मंडी गया था। प्रात: 4 बजे घर में चोरी हो गई। चोर 1 सोने की अंगूठी, सोने की 1 चेन, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 3 सोने के मंगलसूत्र, 1 घड़ी, 1 जोड़ी सोने के झाले, 1 सोने का टीका व 15 हजार रुपये नकद चुरा ले गए ।पीड़ित के अनुसार घर में किसी अज्ञात व्यक्ति की चप्पल भी मिली है। पड़ोस में रहने वाले युवक ने अपनी बताई। पूछने पर युवक ने कहा कि उनके घर भी चोरी हुई है और कोई अज्ञात चोर उनकी चप्पल पहनकर चला गया ।पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच व कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही ।

### दुकान पर बैठी युवती का फोटो वायरल किया, विरोध पर पीटा

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर गाली–गलौज कर दी। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गदमर पट्टी निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बेटी करीब पच्चीस दिन पहले दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान गांव के ही युवक गौरव ने उसकी बेटी की फोटो खींचकर फेसबुक पर वायरल कर दी थी। उस समय गांव के लोगों ने आपसी समझौता कर मामला शांत करा दिया था। आरोप है कि 25 अप्रैल की सुबह करीब 10 :30 बजे जब वह अपने घर पर था। इस दौरान गौरव और उसका पिता जयप्रकाश उसके घर आ गए और गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने ईंट–पत्थर चलाकर मारपीट की और धमकी दी कि उसके बेटे को जान से मार देंगे। पीड़ित का कहना है कि घटना की वीडियो भी उसके पास मौजूद है और उसे जान–माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### कार के शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों का माल स्वाहा

**सैफनी, अमृत विचार :** क्षेत्र के पट्टी फाजिलाबाद गांव में रविवार की दोपहर घेर में अचानक खड़ी कार के तारों मैं शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई जिससे लाखों का माल जलकर राख हो गया। गृह स्वामी शांति प्रसाद पुत्र रघुनाथ ने बताया कि गांव में उनका एक घेर है जिसमें वह पशुपालन करते हैं उसमें ही दूध की डेयरी भी चलाते हैं ।बताया कि रविवार की सुबह वह खेत पर गए थे इसी दौरान 11 बजे के समय अचानक डेयरी में खड़ी उनकी कार में शॉर्ट सर्किट होने के कारण तेजी से आग लगना शुरू हो गई और देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल व पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन जब तक आग लाखों रूपए के माल को स्वाहा कर चुकी थी। गृह स्वामी ने बताया कि आग में मारुति वैन कार,गेहूं बुवाई की मशीन,तीन दूध के सैंपल की मशीनें,भूसा, मकान का लेंटर,इनवर्टर दो बैटरी व चारपाई आदि सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### बारात चढ़त के दौरान मारपीट, पांच घायल

**हसनपुर।** संभल जनपद के थाना एचोडा के गांव पन्सुका मिल्क निवासी मुनिदेव के बेटे मानिक कुमार की बारात थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव बहापुर आई थी। रविवार दोपहर बारात चढ़त के दौरान युवा डीजे पर डांस कर रहे थे। घर से 100 मीटर पहले कुछ युवकों ने एक बाराती से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे दूल्हे के तहेरे भाई मनोज कुमार सहित बाराती मनीष, दीपक, सचिन व तरुण को भी लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया गया। आरोप है कि एक युवक ने हवाई फायर भी किया। पीड़ितों ने थाने पर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

### लेंटर फटने पर विवाद राजमिस्त्री ने दी धमकी

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कला खेड़ा निवासी मुहम्मद उवैस ने गांव के ही एक राजमिस्त्री पर लिंटर डालने में लापरवाही और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उवैस के अनुसार, रविवार को शटरिंग हटते ही छत में गहरी दरारें दिखाई दीं। निर्माण में खामी पर मिस्त्री अपनी जिम्मेदारी से मुकर गया और सुधार करने के बजाय बकाया पैसों की मांग करने लगा। विरोध करने पर पीड़ित परिवार को एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। डरे-सहमे गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर आर्थिक क्षतिपूर्ति और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### गृहकलह में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**आदमपुर (अमरोहा)।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात 25 वर्षीय युवक ने कथित रूप से गृहकलह से परेशान होकर फांसी लगा ली। युवक बीते कुछ समय से गृह कलह से जूझ रहा था। शनिवार रात को उसने घर के कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा बंद रहने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खोला गया तो युवक का शव लटका मिला। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### पुलिस चौकी के पास महिला का पर्स छीना

**गजरौला।** गजरौला थाना क्षेत्र में चौपला पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का पर्स लूट लिया जिसमें तीन हजार नकदी और जेवरात थे। घटना शनिवार देर रात करीब 12 बजे की है। रामपुर जनपद के बिलासपुर स्थित मोहल्ला साहूकारा निवासी विनीत रस्तोगी परिवार के साथ रविवार को गजरौला में आयोजित सगाई समारोह में शामिल होने आ रहे थे। पत्नी रोशनी, मां किरन रस्तोगी और दो बच्चे भी साथ थे।

### परीक्षा केंद्रों पर तलाशी के बाद दिया गया अभ्यर्थियों को प्रवेश, आज भी दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

# कड़ी सुरक्षा में हुई होमगार्ड परीक्षा, दूसरे दिन नहीं पहुंचे 1754 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में दूसरे दिन भी रविवार को होमगार्ड भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त निगरानी के बीच हुई। 10 परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग और स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में 1754 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

रविवार को दूसरे दिन भी होमगार्ड की परीक्षा हुई। परीक्षा को लेकर पुलिस सुबह से ही सतर्क दिखाई दी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई, जिसके लिए अभ्यर्थी सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां चेकिंग और स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहली पाली में 4705 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3805 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 900 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी अभ्यर्थियों की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली। इस पाली में 3850 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 854 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में कुल 1754 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा 27 अप्रैल को भी दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनाती रही। कड़ी तलाशी प्रक्रिया के चलते परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें भी देखने को मिलीं।



परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए लगी अभ्यर्थियों की लाइन।



परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच करती पुलिस।



परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से की गई निगरानी

### परीक्षा के बाद सड़कों पर उमड़े परीक्षार्थी, शहर में लगा लंबा जाम

**अमरोहा, अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती परीक्षा समाप्त होने के बाद शहर में रविवार दोपहर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। परीक्षा केंद्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ बाहर निकलने के कारण मुख्य मार्गों पर भारी दबाव बढ़ गया, जिससे शहर के कई प्रमुख चौराहों पर लंबा जाम लग गया। गांधी मूर्ति चौराहा से लेकर टीपी नगर चौराहे और जोया रोड ओवरब्रिज तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात यह रहे कि दोपहिया और चारपहिया वाहन रेंगते नजर आए। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और पसीने से तरबतर हो गए। जाम की स्थिति करीब एक घंटे तक बनी रही, जिससे आम लोगों के साथ-साथ परीक्षार्थियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। हालांकि, पुलिस प्रशासन ने परीक्षा को देखते हुए पहले से ही रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू की थी, लेकिन अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण यह व्यवस्था नाकाफी साबित हुई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे यातायात को सुचारु कराया।



परीक्षा छूटने के बाद टीपी नगर चौराहा ओवरब्रिज पर लगा जाम। ● अमृत विचार

# 194 रिक्रूट आरक्षियों ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

### पुलिस लाइन में आयोजित किया गया रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षांत समारोह, परेड में दिखा प्रशिक्षण का अनुशासन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन अमरोहा में रविवार को 194 रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस दौरान नवप्रशिक्षित आरक्षियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की शपथ ली। समारोह में नोएडा से आए आईपीएस अधिकारी अजय कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

रविवार को पुलिस लाइन में कार्यक्रम की शुरुआत शानदार परेड से हुई। जिसमें रिक्रूट आरक्षियों ने अनुशासन और प्रशिक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अजय कुमार पांडे ने परेड की सलामी ली और जवानों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने नवआरक्षियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन गौड़ और पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत समारोह केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी की शुरुआत है। उन्होंने नवप्रशिक्षित आरक्षियों से अपेक्षा जताई कि वे कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन का विश्वास जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



परेड के दौरान शपथ लेते नवप्रशिक्षित आरक्षी।



नव प्रशिक्षुओं के परेड की सलामी लेते डीआईजी। ● अमृत विचार

- अधिकारियों ने दी आमजन का विश्वास जीतने की सलाह

### उत्कृष्ट आरक्षियों को किया गया सम्मानित

समारोह के अंत में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य आरक्षियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजन में उत्साह और अनुशासन का माहौल देखने को मिला।



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नवप्रशिक्षित आरक्षी को सम्मानित करते डीआईजी। ● अमृत विचार

### श्री साईं इलेवन ने जुबिलेंट को 15 रनों से हराकर जीती ट्राफी

**गजरौला।** विश्व टीकाकरण सप्ताह में आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में श्री साईं हास्पिटल मुरादाबाद इलेवन की टीम ने जुबिलेंट इलेवन को 15 रनों से परास्त कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम के आकाश को मैन आफ द मैच का खिताब मिला।

रविवार की सुबह सात बजे जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी स्थित मैदान में 20 ओवर के मैत्री क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर श्री साईं इलेवन की टीम खेलने उतरी। विवेक ने चौके-छक्कों की झड़ी लगा दी। इसके बावजूद पूरी टीम 17 ओवर में 145 रनों पर सिमट गई। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी जुबिलेंट इलेवन ने 15 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 100 रनों का स्कोर खड़ा कर लिया लेकिन श्री साईं इलेवन की जबरदस्त फील्डिंग और बॉलिंग के सामने टिक नहीं पाई। इस टीम के ओपनर बल्लेबाज नवीन के कैच आउट होने के बाद अरुण और संजीव के भी पवेलियन लौटते ही टीम का हौसला पस्त हो गया। जुबिलेंट इलेवन की टीम निर्धारित 20 ओवरों में केवल 131 रन ही बना सकी और श्री साईं इलेवन की टीम ने 15 रनों से मैच जीत लिया।

## अलीपुर कलां गांव के जंगल में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगावां सादात थाना क्षेत्र के अलीपुर कलां गांव के जंगल में तेंदुए का शावक दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वन विभाग की टीम पहुंची, लेकिन तब तक शावक जंगल की ओर जा चुका था।

रविवार को अलीपुर कलां गांव निवासी मास्टर जसवंत सिंह के खेत में एक शीशम के पेड़ पर तेंदुए का शावक देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तब तक शावक वहां से गायब हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि नहर किनारे के जंगल में लंबे समय से तेंदुए की मौजूदगी है। कई बार तेंदुआ गांव में भी देखा जा चुका है और पशुओं पर हमला कर चुका है। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वन विभाग के दरोगा केपी सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन शावक जंगल में चला गया था। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है और जरूरत पड़ने पर क्षेत्र में पिंजरा लगवाने का आश्वासन दिया है। एक दिन पहले डिडौली के शहबाजपुर में तेंदुआ दिखाई दिया था।



पेड़ पर तेंदुए का शावक।

## बागड़पुर गांव में मां-बेटे पर दिनदहाड़े की फायरिंग, बाल-बाल बचे दोनों

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- फायरिंग करने के बाद धमकी देते हुए भाग निकले दबंग
- इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की तलाश

**अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र के बागड़पुर गांव में दिनदहाड़े फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। शनिवार शाम एक मां-बेटे को निशाना बनाकर गोली चलाई गई, हालांकि दोनों बाल-बाल बच गए। गोली घर के गेट के पास लगे सीमेंट के पिलर में जा धंसी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



सर्वेश देवी।

यह घटना गांव बागड़पुर माफी की है। दरअसल यहां पर पीड़िता सर्वेश देवी, पत्नी स्वर्गीय सतपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम करीब 6:30 बजे वह अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी उनके गेट के सामने आकर रुकी। गाड़ी से उतरे गांव के ही सचिन उर्फ मुनेंद्र ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने तमंचा निकालकर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। सर्वेश देवी ने दीवार की आड़ लेकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर उनका बेटा मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने उस पर भी दूसरा फायर किया, लेकिन वह भी सुरक्षित बच गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद पीड़िता के भतीजे विजेंद्र को फोन कर धमकी दी गई कि आज तो बच गए, कब तक बचोगे। दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग की घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज डायरी



### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा

**हसनपुर।** नगर के मुख्य मार्गों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का फीता काटकर पंडित सुंदरलाल शर्मा ने शुभारंभ किया। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां नगर वासियों का मन मोह रही थी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शोभायात्रा नगर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई ब्राह्मण धर्मशाला पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान परशुराम, भगवान गणेश, शिव परिवार, भगवान शनिदेव, मां गंगा एवं बाहुबली हनुमान आदि की झांकियां नगर वासियों का मन मोह रही थीं। शोभा यात्रा में इस्कॉन कीर्तन मंडली के द्वारा हरे राम हरे राम हरे कृष्णा हरे कृष्णा का संकीर्तन किया जा रहा था। नगर में कई स्थानों पर यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



### घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा की बैटरी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**हसनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा से बैटरी चोरी हो गया। बीती रात अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा को निशाना बनाया। नगर के मोहल्ला हैबतपुर बंजारा रोड निवासी सुहेल पुत्र शौकीन ने अपना ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा किया था। शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने ई-रिक्शा से दो बैटरी चोरी कर ली। सुहेल को रविवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित सुहेल ने बताया कि चोरी हुई दोनों बैटरी की कीमत लगभग 25 हजार रुपये है। उन्होंने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लेंगे।



### फूलपुर पहुंचे भाजपा सांसद कंवर मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

**रहरा, अमृत विचार :** भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर रविवार को हसनपुर विधानसभा के गांव फूलपुर पहुंचे। वहां उन्होंने करीब 10 दिन पहले पौरारा गंगा घाट पर गंगा में डूबे करीब 22 वर्षीय अतुल कसाना व 17 वर्षीय सोहित नागर के परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि असमय हुई इस दर्दनाक पीड़ा में पार्टी के साथ वह उनके परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर महेश चंद खड़गवंशी, रामपाल सिंह खड़गवंशी, रामचंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, दलवीर प्रधान, भाकियू नेता अमरीश गुर्जर, उमेश चंद्र गोरसी, जयचंद चाबड़ा, सांसद प्रतिनिधि कपिल कुमार गुर्जर व ग्रामीण मौजूद रहे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**हसनपुर।** नगर के बूथ नंबर 88 स्थित भाजपा नेता पौरुष अग्रवाल के आवास पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 133वां एपिसोड एलईडी टीवी के माध्यम से ध्यानपूर्वक देखा-सुना। प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत के संकल्प को जन भागीदारी से सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए ध्यान देने की अपील की। राष्ट्रहित में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि जिस राष्ट्र का युवा सक्रिय होता है वह राष्ट्र विकसित होता है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मंयक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, ममता शर्मा, धर्मवीर सैनी, निशि अग्रवाल, विदित अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बेसहारों को शिक्षा के द्वार तक पहुंचा रहे पप्पू

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** सपने वो नहीं होते जो सोने के बाद देखे जाते हैं, सपने तो वो होते हैं जो आपको सोने ही नहीं देते। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे. अब्दुल कलाम की ये पंक्तियां हसनपुर तहसील के एक छोटे से गांव चकफेरी निवासी पप्पू पर सटीक बैठती हैं। जो न सिर्फ गरीब बेटियों के हाथ पीले कर रहे हैं। बल्कि, अपने गांव के करीब 80 मजलूम नौनिहालों का सहारा बनकर निजी विद्यालय में तालीम दिला रहे हैं।

गंगेश्वरी के गांव चकफेरी के एक छोटे से किसान फरमूद अली के यहां जन्मे पांच बहन-भाइयों में सबसे बड़े 35 वर्षीय पप्पू खुद गांव की पाठशाला से 5वीं पास हैं। आर्थिक तंगी के चलते 5वीं के बाद उनकी पढ़ाई छूछ गई। करीब 12 वर्ष पहले दिल्ली में अपने मामा के पास काम की तलाश में चले गए थे। वहां कुछ दिन नौकरी की। नौकरी में गुजारा नहीं हो पाया तो कुछ साथियों से पैसे उधार लेकर ठेकेदारी शुरू किया। इसी बीच उनके पिता फरमूद अली का देहांत हो गया। पिता के बाद पप्पू पर चारों भाइयों-बहनों की जिम्मेदारी भी आ गई। लेकिन, पप्पू ने हार नहीं मानी। ठेकेदारी का काम करते हुए कुछ साथियों से आर्थिक मदद लेकर जम जम ग्लो कंपनी नाम से पंजाब में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाया। इसका माल दिल्ली के जोशी कलां, मंडावली तथा नांगलोई में सप्लाई होता है। दिल्ली के पटपड़गंज में कंस्ट्रक्शन तथा लकड़ी का व्यवसाय भी शुरू कर दिया।



नौनिहालों के साथ पप्पू। ● अमृत विचार

### किया समाज सेवा की तरफ रुख

पैतृक गांव छोड़कर पप्पू ने पूरा फोकस अपने काम पर लगा दिया। करीब 10 वर्ष तक गांव नहीं लौटे। अपना व्यवसाय शुरू करने के बाद उन्होंने छोटे भाई-बहनों की शादी कर उन्हें भी अपने पैरों पर खड़ा कर दिया। अपने पैतृक गांव चकफेरी लौटै तो 80 ऐसे नौनिहालों को गोद ले लिया। जिनमें 50 तो अनाथ तथा 30 के माता-पिता आर्थिक तंगी के चलते उनकी पढ़ाई करने में असमर्थ थे। पप्पू सभी 80 बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाकर तालीम दिला रहे हैं बल्कि, उनके खानपान की व्यवस्था भी कर रहे हैं।

### आवारा कुत्ते के हमले में दो मासूम घायल जिला अस्पताल रेफर

**डिडौली।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पलौला में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार देर शाम घर के बाहर खड़े दो बच्चों पर अचानक एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए।

घटना में जकी जावेद (10) पुत्र जावेद अहमद और हैदर अली (5) पुत्र मोहम्मद आरिफीन निवासी गांव पलौला घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जोया ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बच्चों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हमला करने वाला कुत्ता आवारा बताया गया।

# मोबिल फैक्ट्री में टायरों में लगी भीषण आग, आसमान में छाया धुआं

## चंदौसी के निकट सुबह 4:30 बजे हुआ हादसा, दमकल की कई गाड़ियों ने तीन घंटे बाद पाया काबू

संवाददाता,चंदौसी


चंदौसी में फैक्ट्री में आग लगने के बाद उठती लपटें। • अमृत विचार


आग लगने के बाद नजर आता धुएं का गुबार। • अमृत विचार


फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकल कर्मी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गुमथल रोड स्थित नेशनल हाईवे के पास जीरो प्वाइंट पर रविवार तड़के मोबिल फैक्ट्री परिसर में रखे पुराने टायरों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। टायरों में आग लगने के कारण आसमान में दूर-दूर तक काले धुएं का घना गुबार छा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

चंदौसी के मोहल्ला महाजन निवासी नितिन अग्रवाल की इंको रिफाइनरीज नाम से गुमथल रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में करीब एक बीघा में मोबिल फैक्ट्री संचालित है। फैक्ट्री में पुराने टायरों को गलाकर मोबिल तैयार किया जाता है, जिसके चलते परिसर में भारी मात्रा में टायरों का भंडारण रहता है। रविवार सुबह करीब 4:30 बजे फैक्ट्री परिसर में रखे टायरों में अचानक आग लग गई। शुरुआत में आग धीमी थी, लेकिन ज्वलनशील सामग्री होने के कारण उसने कुछ ही देर में भयावह रूप ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और काला धुआं आसमान में कई किलोमीटर तक फैल गया। करीब 5 से 6 किलोमीटर दूर तक यह धुआं साफ दिखाई दे रहा था। सुबह-सुबह इस घटना से आसपास के गांवों और मोहल्लों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। फैक्ट्री परिसर के मंदिर के पुजारी दीपक शर्मा ने करीब 5 बजे घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय दमकल के अलावा संभल, मुरादाबाद और रामपुर से भी दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कुल पांच से छह दमकल वाहनों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत और लगातार पानी की बौछार के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही थाना बनियाठेर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी सचिन चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने फैक्ट्री की ओर जाने वाले रास्तों को बंद कर दिया और मौके पर एकत्र भीड़ को नियंत्रित किया। प्रशासन ने एहतियातन आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन परिसर में रखे टायरों को भारी नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही सामने आएगा। घटना के बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।


आग लगने के बाद मौके पर इकट्ठा लोग। • अमृत विचार

### सुरक्षा पर उठे सवाल

लोगों का कहना है कि फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी केके ओझा ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जाएगी। प्रथम दृष्टया आशंका है कि आसपास जले पत्तों से उठी आग ने टायरों को अपनी चपेट में लिया। आग से हुए नुकसान का आंकलन अभी नहीं हो सका है। फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों और अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## टैंकर तक पहुंचती आग तो हो सकता था विस्फोट

**चंदौसी, अमृत विचार:** टायरों में लगी आग ने कुछ समय के लिए बड़े हादसे की आशंका खड़ी कर दी थी। फैक्ट्री परिसर में खुले में टायरों के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए थे, वहीं ड्रमों और टैंकरों में गले हुए टायर तरल रूप में संग्रहित थे। इसके पीछे मुख्य फैक्ट्री परिसर में प्लांट संचालित है। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आग टैंकरों और ड्रमों तक पहुंच सकती थी, जिससे भीषण धमाके की स्थिति बन जाती और पूरी फैक्ट्री उसकी चपेट में आ सकती थी।

फैक्ट्री कर्मचारी और मालिक आग की भयावहता को देखकर सहम गए थे। हालांकि दमकल विभाग की तत्परता के चलते समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। छह दमकल गाड़ियों में संभल से दो, चंदौसी से दो, बहजोई से एक और मुरादाबाद के बिलारी से एक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। रामपुर से भी दमकल गाड़ी बुलाई गई थी, जिसे स्थिति नियंत्रण में आने पर रास्ते में ही रोक दिया गया। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि फैक्ट्री में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पर्याप्त अग्निशमन सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं थे।

# ईओ ने व्यापारियों संग की बैठक समस्याओं के समाधान पर चर्चा

संवाददाता,चंदौसी


चंदौसी में बैठक के दौरान समस्याएं उठाते व्यापारी • अमृत विचार

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रविवार को स्टेशन रोड के एवीसी मांटेसरी स्कूल में आयोजित की गई। इस दौरान व्यापारियों में शहर की विभिन्न समस्याएं उठाएं जिनका ईओ ने समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में व्यापार मंडल ने ठंडा वाटर कूलर स्टेशन रोड पर लगाया जाने की मांग की । सीता रोड पर नगर पालिका द्वारा सीसी रोड स्वीकृति की सूचना अधिशासी अधिकारी ने दी। संगठन रोड के साथ - साथ डिवाइडर बनाए जाने, नगर पालिका के मुख्य कार्यालय कराकर वेसमेंट में पार्किंग बनाया जाने की मांग भी उठाई। कंपनी बाग में बने नगरपालिका कार्यालय को गलत ठहराते हुए वहां लाइब्रेरी की स्थापना कराने की मांग की । अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने व्यापारियों को बताया शहर में सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाए जाने की तैयारी की जा रही है एवं घंटाघर को सुंदर बनाने का प्रयास शुरू किया गया है। शहर में जाम की स्थिति ठीक करने के लिए लाइसेंस वाले ई रिक्शा ही नगर में चल सकेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, अनुराग भार्गव, उमेश वाष्र्णेय'', रमेश ग्रेवाल, विपुल महाजन, सुभाष पाल, वसीम अख्तर, प्रमोद अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, सुभाष मित्तल आदि ने भाग लिया।

# 188 रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड में दिखा अनुशासन व उत्साह

- जनता का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना ही एक सफल पुलिसकर्मी की पहचान: मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई


आरक्षी को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित करते कमिश्नर, डीएम व एसपी।


बहजोई में दीक्षांत परेड के दौरान शपथ लेते रिक्रूट आरक्षी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** संभल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उत्तर प्रदेश पुलिस के 188 रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह रविवार को ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टीट्यूट, बहजोई में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रिक्रूट आरक्षियों ने कठिन प्रशिक्षण के बाद शानदार परेड का प्रदर्शन करते हुए अनुशासन, समर्पण और दक्षता की उत्कृष्ट झलक पेश की। दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना ही एक सफल पुलिसकर्मी की पहचान है।

दीक्षांत परेड कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे हुई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के अभिवादन के कुछ ही देर बाद मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह पहुंचे। उन्हें परेड की सुसज्जित टोलियों ने सलामी दी। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों की तैयारी और अनुशासन की सराहना की। समारोह के दौरान रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसमें उनके शारीरिक, मानसिक और तकनीकी प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया गया। मंडलायुक्त ने नवनियुक्त आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आरक्षियों को अनुशासन, ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्य परायणता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने रिक्रूटों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा एवं जन सुरक्षा के लिए समर्पण की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी टोलियों ने पूरे गर्व और अनुशासन के साथ मार्च पास्ट करते हुए परेड स्थल से प्रस्थान किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित दीक्षांत समारोह के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी मनोज कुमार रावत, बहजोई क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण वर्ग का समापन संगठन मजबूती का दिया मंत्र

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वर्ग प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जनपद संभल की चंदौसी एवं गुन्नौर विधानसभा के मंडलों का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग रविवार को बहजोई महाविद्यालय में संपन्न हुआ। समापन सत्र में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

दोपहर दो बजे आयोजित समापन सत्र में जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की ताकत ही भाजपा की पहचान है। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव को संगठन की रीढ़ बताते हुए कार्यकर्ताओं से इन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान चतुर्थ, पंचम, षष्ठम और सप्तम सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक ढांचा, कार्यप्रणाली और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण देखा गया। अध्यक्षता गंभीर सिंह यादव जबकि संचालन नगर महामंत्री आशीष गौड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बहजोई नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, धनारी मंडल अध्यक्ष भुवनेश राघव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंजू दिलेर, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, राम नरेश यादव, योगेंद्र यादव, रामजी तोमर, जीराज पुरी, शुभम समेत कई मौजूद रहे।

# चर्म व मधुमेह रोगियों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल के सरायतरीन नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर रोगियों का उपचार करते डॉक्टर।

**अमृत विचार:** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 250 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

मेलों में 33 चिकित्सकों एवं 136 पैरा-मेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा कुल 2746 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। इनमें 1236 पुरुष, 1064 महिला एवं 446 बच्चे शामिल रहे। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 126 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य शिविरों में विभिन्न रोगों के मरीजों की जांच व उपचार किया गया। इनमें बुखार के 257, चर्म रोग के 568, दमा के 384, मधुमेह के 103, नेत्र रोग के 19,

- मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में 2746 मरीजों को मिला उपचार

उच्च रक्तचाप के 163 तथा अन्य रोगों के मरीज शामिल रहे। बुखार के 36 मरीजों की मलेरिया और 11 की डेंगू जांच की गई, जिनकी सभी रिपोर्ट निगेटिव पाई गई। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी गई और सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम और सोर्स रिडक्शन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 172 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया। 47 मरीजों को टेलीमानस कंसल्टेंसी की सुविधा भी प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक एवं अन्य अधिकारियों ने विभिन्न मेला स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# बुलेट की मांग पूरी न होने पर हत्या, पति समेत पांच पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** कैला देवी के गांव कैलमुंडी निवासी सतपाल ने बेटी रेनू की शादी एक वर्ष पूर्व गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी गजेंद्र सिंह के पुत्र कृष्ण के साथ की थी। पिता का आरोप है कि शादी में उसने बाइक के साथ करीब ढाई लाख नकद और घरेलू सामान दिया था। इसके बावजूद बेटी के ससुराली संतुष्ट नहीं थे और लगातार बुलेट की मांग कर रहे थे। पति कृष्ण, सास गेंदा देवी और देवर कन्हैया सहित अन्य लोग आए दिन रेनू को प्रताड़ित करते थे। एक माह पूर्व भी मारपीट की गई थी। तब सतपाल पहुंचा और समझौते का प्रयास करते हुए उसे अपने साथ घर ले आया था। बताया गया कि 19 अप्रैल को पति कृष्ण रेणु को फिर से अपने साथ ससुराल ले गया, जहां दोबारा उसका उत्पीड़न शुरू हो गया। रेनू ने फोन के माध्यम से अपने पिता को इसकी जानकारी दी थी।

आरोप है कि 25 अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे पति कृष्ण, सास गेंदा देवी, देवर कन्हैया तथा रोहतास निवासी ग्राम बंदरई और वीरेश निवासी ग्राम फतेहपुर ने मिलकर दहेज में बुलेट की मांग पूरी न होने पर रेनू को कमरे में ले जाकर जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर गुन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मूर्ट कोर्ट में शताक्षी को मिला पहला स्थान

**चंदौसी, अमृत विचार:** बहजोई रोड के मझावली स्थित स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज में. मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बीएनएस की धारा 80 दहेज हत्या के ऊपर अपना अपना पक्ष रखा।

मूट कोर्ट का आरंभ पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह, टेकचंद यादव, शकील वारसी, लोकेंद्र शर्मा, नीरज तिवारी व महाविद्यालय के सचिव सुधांशु रूस्तगी ने किया। पैनल के अधिवक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को न्यायालय में पक्षr विपक्ष में बात रखने का तरीका बताया। मूट कोर्ट में शताक्षी शर्मा प्रथम, ईशा कुशवाहा ने द्वितीय व माधव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

वहीं शुभरा सिंह ने बेस्ट मूटर एवं ऑलराउंडर का पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार बिंद्रा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# कड़ी सुरक्षा में दूसरे दिन 5,615 अभ्यर्थियों ने दी होमगार्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,संभल


एमजीएम कॉलेज में अभ्यर्थियों की तलाशी लेते पुलिस कर्मी व स्टाफ।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा जनपद संभल में दूसरे दिन रविवार को भी कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 7,297 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती।

रविवार को प्रथम पाली में 10 परीक्षा केंद्रों पर 3,648 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,805 यानि 76.89 प्रतिशत उपस्थित रहे, जबकि 843 अनुपस्थित रहे।

वहीं द्वितीय पाली में 3,649 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,810 यानि लगभग 77 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 839 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 5615 ने परीक्षा दी और 1681 गैर हाजिर रहे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुबह 7:30 बजे से ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। मुरादाबाद, बिजनौर, बदायूं और रामपुर सहित अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी पहुंचे। प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की बेल्ट और जूते उतरवाकर जांच की गई। महिला अभ्यर्थियों के हेयर बैंड तक की बारीकी से जांच की गई। गेट सुबह 9:30 बजे बंद कर दिए गए। केंद्रों पर मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गई थी, जिससे पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी जा सके। जनपद में शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय हयातनगर, जेडयू इंटर कॉलेज सरायतरीन तथा नगर पंचायत सिरसी स्थित जवाहर लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज सहित कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि यह परीक्षा तीन दिनों में छह पालियों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 21,888 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जबकि एक पाली में 3,648 अभ्यर्थियों की परीक्षा आयोजित की जाती है।

### डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**संभल, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा होमगार्ड भर्ती की चल रही तीन दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने राजकीय महाविद्यालय संभल पहुंचकर परीक्षा की तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों को परखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नकलविहीन माहौल में संपन्न कराई जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


महिला अभ्यर्थी को जानकारी देती पुलिस।

## दुल्हन करती रही इंतज़ार दूल्हा नहीं लाया बरात

**चंदौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा में एक युवती की रविवार को बरात आनी, लेकिन दूल्हा व उसके परिजन बरात नहीं लाए। युवती पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न किए जाने पर बरात न लाने का आरोप लगाया है। युवती के पिता ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

गांव बनियाखेड़ा निवासी मोहम्मद शकील के अनुसार उसने अपनी पुत्री का रिश्ता मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के गांव मोहम्मदपुर जमापुर निवासी एक युवक से तय किया था। सगाई में लगभग 10 लाख रुपये खर्च हुए थे। जिसमें 2.5 लाख नकद और सोने-चांदी के आभूषण शामिल थे। शादी की तारीख 26 अप्रैल तय थी, लेकिन अब वर पक्ष अतिरिक्त 10 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उन्होंने बरात लाने से मना कर दिया है। रविवार को दुल्हन व परिजन बरात आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बरात नहीं आई । सामान व नकदी लौटाने से भी इनकार कर दिया है।

# 13 मई को मनाया जाएगा साईं बाबा मंदिर का वार्षिकोत्सव


चंदौसी में साई वार्षिकोत्सव को लेकर चर्चा करते पदाधिकारी • अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** श्री शिर्डी साईं परिवार की बैठक रविवार को श्री साई मंदिर परिसर पथरा तिराहे पर आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों ने आगामी 13 मई को श्री साई बाबा मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम पर चर्चा की ।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि वार्षिकोत्सव के दिन सुबह 7.00 बजे साईं बाबा का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर महाआरती होगी। आरती के पश्चात हवन पूजन कार्यक्रम होगा। दोपहर को 12 बजे पूर्णाहुति के उपरांत भंडारा आयोजित किया जाएगा। सभी सदस्यों ने भंडारा कार्यक्रम को लेकर अपने -अपने विचार रखे।

बैठक में प्रेम ग्रोवर, अशोक कुमार शर्मा, बलराम शर्मा, प्रदीप गर्ग, विवेक अग्रवाल, संजय गोयल, सतीश जिंदल, सचिन सिंधी, अर्पित जिंदल, अनिल गुप्ता, विजय पाराशरी, भूपेंद्र गुप्ता, मंदिर के आचार्य हर्षवर्धन शर्मा आदि उपस्थित रहा। अध्यक्षता मुनीश जिंदल ने की व संचालन सचिव अवनीश जिंदल ने किया ।

